(1100/GG/SNB)

… (*Interruptions*)

Q. 301

SHRI JAYADEV GALLA (GUNTUR): Hon. Speaker, Sir, I am sure the hon. Minister is very well aware of the entire issue. Hence, I do not want to dwell too deep into it. I will get directly into the question.

I agree with the reply of the hon. Minister that these companies are Board-governed entities. But the notification issued by the Finance Ministry, Department of Financial Services bearing no. S-11012/4/2014-institutions.1 dated 23rd September, 2014 directing insurance companies including the National Insurance Company that when company transfers female employees, they have to be accommodated where the husband is stationed was issued keeping in view the genuine hardships and feelings of insecurity being faced by female employees. My question is this. Why the National Insurance Company is not following this notification?

श्री अनुराग सिंह ठाकुर: माननीय अध्यक्ष महोदय, हमारी जितनी भी पब्लिक सैक्टर की इंश्योरेंस कंपनीज़ हैं, वे ज्यादातर बोर्ड गवर्न्ड एंटिटीज़ हैं। उनकी अपनी ट्रांसफर एण्ड मोबैलिटी पॉलिसीज़ हैं। जैसा माननीय सदस्य ने कहा है कि किसी महिला अधिकारी या कर्मचारी को पॉलिसी के अनुसार, अगर ऐसा कोई विशेष स्पेसिफिक केस है, उसकी आप जानकारी दे सकते हैं, लेकिन कुल-मिला कर यदि देखा जाए, इसमें सरकार कहीं भी हस्तक्षेप नहीं करती है। अगर इनके 56,798 कर्मचारी हैं, तो उनमें से केवल 604 लोगों की की ट्रांस्फर्स हुई हैं, जो कि मात्र एक प्रतिशत ही है। अगर कहीं पर उनकी जो पॉलिसी है, उसके अनुसार कहीं कुछ नहीं हुआ है, कुछ स्पेसिफिक केस है, you can give it to us. We will look into that. We will ask the insurance company concerned to look into that.

SHRI JAYADEV GALLA (GUNTUR): Sir, the second question that I have is that it is strange that the National Insurance Company does not consider Delhi as a Metro city when all other insurance companies are considering Delhi as a Metro city. I would like to know the reasons behind this.

श्री अनुराग सिंह ठाकुर : माननीय अध्यक्ष महोदय, ये इंश्योरेंस कंपनीज़ ऐसा क्यों नहीं मानती हैं, उनसे पूछ कर हम माननीय सदस्य को जानकारी दे देंगे।

SHRI SUDIP BANYOPADHYAY (KOLKATA UTTAR): Sir, there are reports of private companies using unethical methods to grab motor insurance in particular which is a very big sector depriving the public sector companies a level playing field. I would like to know what the Government and the Regulator are doing in

this regard in the interest of the public sector companies and also the general public at large.

श्री अनुराग सिंह ठाकुर : माननीय अध्यक्ष महोदय, लगभग चार पब्लिक सैक्टर इंश्योरेंस कंपनीज़ इस क्षेत्र में काम कर रही हैं, जिनका 45 प्रतिशत शेयर इंश्योरेंस सैक्टर में है। इंश्योरेंस सैक्टर में अगर सबसे बड़ा वॉल्यूम किसी का है तो वह मोटर व्हीकल का है, उसके बाद हैल्थ और बाकी क्षेत्र आते हैं। उस क्षेत्र में जो कम्पीटिशन मार्केट ड्रिवन है, उसमें अगर प्राइवेट कंपनी का कोई बैटर प्रोडक्ट होता होगा, तो कंज्यूमर उस तरफ जाता होगा। ये कंपनीज़ उस पर बैटर काम कर सकें, कंपीट कर सकें, इसीलिए मर्जर का निर्णय भी लिया गया था। जो तीन सरकारी पब्लिक सैक्टर इंश्योरेंस कंपनीज़ हैं, उनको मर्ज करने का निर्णय अभी विचाराधीन है। पिछले बजट में भी कहा गया था।

(इति)

(1105/KN/RU)

(प्रश्न 302)

श्री रामचरण बोहरा (जयपुर): माननीय अध्यक्ष जी, आदरणीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में मानव संसाधन विकास मंत्री जी ने देश में शिक्षा के क्षेत्र में विकास एवं उन्नयन के लिए कई कदम उठाए हैं। मैं माननीय मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूँ। साथ ही मैं आपके माध्यम से पूछना चाहूँगा कि आपने जो आंकड़े दिए हैं, वे ठीक हैं, पर क्या इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेश लेने से पहले काउंसलिंग की व्यवस्था की गई है कि छात्र किस सब्जेक्ट में जाना चाहें और कितने रोज़गार उस क्षेत्र में हैं, ताकि उनको रोज़गार मिल सके?

डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक : श्रीमन्, स्वाभाविक है कि जब छात्र प्रवेश के लिए आता है तो उसकी काउंसलिंग भी होती है। जहाँ वह प्रवेश चाहता है, यदि उसके अनुरूप वह विषय मिलता नहीं है तो उसकी काउंसलिंग होती है और अच्छे से होती है। जहाँ तक माननीय बोहरा जी ने दूसरा सवाल किया है तो उनकी नौकरियों की जो व्यवस्था है, उसमें हमने कुछ प्रतिशत लिख कर भी दिया है। लेकिन मुझे यह कहते हुए खुशी है कि आज पूरी दुनिया में हमारे संस्थानों से निकलने वाले बच्चे अपने शिखर पर पहुँचते हैं। जहाँ विश्व के शीर्ष पर हमारी तीन संस्थाएँ रैकिंग में आई हैं- आईआईटी, मुम्बई, आईआईटी, दिल्ली और आईसीएआर, बैंगलुरु। इन संस्थानों से गूगल के सीईओ श्री सुन्दर पिचई, आईआईटी खड़कपुर से हैं। श्री शांतनु नारायण एडोब के पद्मश्री भी हैं, वे हैदराबाद से हैं। श्री सत्य नडेला माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ हैं, श्री राकेश अरोड़ा, अल्टो नेटवर्क के सीईओ हैं, श्री दिनेश सी पालीवाल, हर्मन इंटरनेशनल के सीईओ हैं और राजीव सूरी, नोकियो के सीईओ हैं। श्रीमन्, माननीय सदस्य ने चिंता व्यक्त की कि हमारे इंजीनियरिंग कॉलेज से निकलने वाले जो छात्र हैं, वे बहुत क्षेत्रों में तेज़ी से आगे बढ़ रहे हैं। हमने यह भी कहा था कि संस्थानों में ही बाहर की कम्पनियाँ जॉब के लिए आती हैं। वर्ष 2017-18 में लगभग साढ़े तीन लाख, वर्ष 2018-19 में लगभग चार लाख और इस समय भी लाखों की तादाद में इन छात्रों को वे कम्पनियाँ लेती हैं। आज दुनिया की शीर्ष 500 कम्पनियाँ हैं, उनमें से 200 कम्पनियों में सर्वाधिक हिन्दुस्तान के आईटी के छात्र हैं।

श्री रामचरण बोहरा (जयपुर): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से पूछना चाहूँगा कि क्या सरकार निजी क्षेत्र में चलने वाले इंजीनियरिंग कॉलेज की गुणवत्ता में सुधार के लिए कोई कदम उठा रही हैं, ताकि विद्यार्थी इन कॉलेजों में से निकल कर नौकरी पाने में, अपना काम करने में सक्षम हों। गत वर्षों में, अभी आपने बताया है कि चार लाख के लगभग छात्रों को नौकरियां मिली हैं, मैं आपको बहुत-बहुत बधाई देना चाहता हूँ। मैं आपसे यह कहना चाहूँगा कि जो छात्र कॉलेज से निकल कर जाता है, क्या उसके लिए कम्पनियों में ऐसी व्यवस्था की गई है, जैसे सीए इंटर्नशिप करते हैं, ऐसे ही छात्र निकल कर ऐसा कोई काम कर सके, ताकि उसको नौकरी मिल सके।

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, एक ही प्रश्न पूछें। आपने दो प्रश्न पूछ लिए। माननीय मंत्री जी।

डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक : श्रीमन् माननीय सदस्य ने बहुत अच्छा प्रश्न किया है। हम लोगों ने औद्योगिक क्षेत्र से समन्वय की दिशा में हर संस्थान में एक प्रकोष्ठ को स्थापित किया है। इसके साथ-साथ इनकी गुणवत्ता बढ़ सके, जब इंजीनियरिंग करके छात्र बाहर निकलता है तो उसको फिनिंश

करने की योजना है, उसको और व्यवस्थित करने की योजना होती है। इसलिए हम लोगों ने दो चीज़ें विशेष कर, क्योंकि आपने यह भी कहा है कि क्या कोई फिनिशिंग स्कूल की स्थापना होगी, श्रीमन्, उस दिशा में हम लोगों ने कैरियर लॉन्चर एजुकेट, यूनिवर्सल एजुकेशन, ऐथेनस और टाइम इन चार संस्थाओं के साथ टेंडर किया है, इनके साथ हमारा अनुबंध हुआ है। जो तीसरे और चौथे वर्ष के छात्र हैं, उनको बाकायदा ट्रेंड करते हैं। इतना ही नहीं, आपकी जो चिंता है कि वे छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं में बहुत अच्छे तरीके से आगे कैसे निकल सकते हैं।

(1110/CS/NKL)

हम लोगों ने गेट ट्रेनिंग के लिए गेट अकादमी, गेट कोच, इंजीनियरिंग अकादमी और गेट फोरम, ऐसी 4 संस्थाओं के साथ समन्वय किया है ताकि रोजगार के लिए जो परीक्षाएं होती हैं, उनमें छात्रों को शिखर तक पहुँचाने की कोशिश कर सकें।

DR. SHASHI THAROOR (THIRUVANANTHAPURAM): Thank you so much, Sir, for giving me this opportunity.

I listened attentively to the hon. Minister. There is one statistic which he has mentioned in his reply and also another statistic which he has not mentioned. Both of them are very serious.

The first one is this. The study by the India Skills Report shows that only 57 per cent of our engineering graduates are employable. There is another picture which he has not mentioned, and it is this. In detailed studies done by multiple people including the organisation which I had the privilege to head, that is, All India Professionals Congress which did a study of 10,000 engineers, it shows that 60 per cent of our country's engineering graduates end up in doing jobs which do not even require an engineering degree. It is because there is such a major mismatch between what is taught in the majority of our engineering colleges and what the marketplace wants. Employers come back and say that these people are not qualified to work for us. Even big companies like Tata, TCS and Infosys have set up campuses in which they are re-educating the children, whom they have already hired not on the job training but just teaching them what they should have learnt in college. Will the hon. Minister using AICTE or whatever means he wishes kindly take some serious steps to completely transform the engineering curricula of our country in order to ensure that it matches the demands of the workspace? Can we ensure, therefore, that this question about finishing school is not the right point but the right point is how do we enhance employability and what kind of skills can we give to our people which

is actually needed so that they can get real jobs and we do not have to advise them to fry *pakoras* on the side? Thank you.

डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक : श्रीमन्, शशि थरूर जी ने बहुत ही महत्वपूर्ण सवाल उठाया है और निश्चित ही जो उनकी चिंता है, वही चिंता मंत्रालय की भी है। इसीलिए अभी आपने देखा होगा कि हमारे एआईसीटीई ने इन सारे पाठ्यक्रमों में तब्दीली की है और अनिवार्य रूप में की है। हम लोगों ने जो महत्वपूर्ण पहल की है, एक तो हम 'निसस' आधारित मॉडल पाठ्यक्रम तैयार कर रहे हैं, जो शुरू हो गया है। पाठ्यक्रम के भाग के अनुरूप अनिवार्य इंटर्नशिप कर रहे हैं, अनिवार्य रूप में कॉलेज उन उद्योगों के साथ समन्वय करेगा। यह भावी योजना तैयार करके इसके साथ 10-15 ऐसे बिन्दु बनाए हैं, जिसकी वर्तमान में जरूरत है। जो पिछले 10-20 सालों से पढ़ाया जा रहा था, आज उसकी जरूरत नहीं है।

श्रीमन्, हम शिक्षकों के कौशल को भी विकसित कर रहे हैं कि वे अत्याधुनिक तरीके से पूरी दुनिया के साथ समन्वय करके यह देखें कि आज हम कहाँ भाग रहे हैं। आपकी चिंता है कि नये पाठ्यक्रमों के साथ छात्रों को जोड़ना, तो यह हमने शुरू कर दिया है। उद्योगों के साथ अनिवार्य रूप में कम से कम 5 समझौते हम लोगों ने कर दिए हैं ताकि इन इंजीनियरिंग कॉलेजेज के साथ वे पहले से ही जुड़ जाएं और जो उनको जरूरत है, जो आपकी चिंता है, ताकि वे वहीं से उन छात्रों के साथ जुड़कर उनकी तैयारी करवाना शुरू करें। हमने ऐसे 50-52 और यदि आप कहेंगे तो मैं उनके बारे में बता सकता हूँ।...(व्यवधान) शशि थरूर जी ने जो दूसरी बात 57 प्रतिशत वाली कही है, ये 57 प्रतिशत वे हैं, जो हमारे परिसरों से होकर जा रहे हैं। जो उसके बाद एम.टेक कर रहे हैं, विदेशों में जा रहे हैं, अपना रोजगार कर रहे हैं, मेक इन इंडिया के तहत और अब तो इस देश के अंदर, वर्ष 2013 से पहले मात्र 3 मोइबल कंपनियाँ थीं, आज कुल 268 मोबाइल कंपनियाँ हो गई हैं। पिछले वर्ष हमारे माननीय प्रधान मंत्री जी ने दक्षिण कोरिया के प्रधान मंत्री जी के साथ संयुक्त रूप से एक समझौता किया था।...(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): उसका इसके साथ क्या सम्पर्क है?...(व्यवधान) इन्होंने गलत जवाब दिया है।...(व्यवधान)

डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक : श्रीमन्, एक वर्ष में एक करोड़...(व्यवधान) वही सम्पर्क है, ...(व्यवधान) रोजगार का सम्पर्क है।...(व्यवधान) यह रोजगार का सम्पर्क है।...(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): महोदय, मंत्री जी ने जो जवाब दिया है, मैं उसकी गलतियों को आपके सामने रखना चाहता हूँ।...(व्यवधान) यह बड़ी अजीब बात है।...(व्यवधान)

डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक : श्रीमन्, यदि रोजगार पूछा जा रहा है कि ये बच्चे कहाँ जाएंगे, तो मेरा मेक इन इंडिया पूरी दुनिया में नम्बर एक होगा और उसकी शुरूआत कर दी गई है।...(व्यवधान) हमारे ये छात्र वहाँ जाएंगे।...(व्यवधान) उसकी तैयारी शुरू कर दी गई है।

(इति)

(1115/RV/SRG)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): सर, इनके क्वैश्चन की गलतियों को मैं आपके सामने उजागर करना चाहता हूं।…(व्यवधान) सर, इन्होंने वर्ष 2018 में ‘Number of students graduated’ में ‘Not available’ कहा।…(व्यवधान)

(प्रश्न 303, 313 एवं 314)

श्री रामदास तडस (वर्धा): माननीय अध्यक्ष जी, धन्यवाद। भारत के लोकप्रिय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की दूरदृष्टि और संकल्प से सांसद आदर्श ग्राम योजना वर्ष 2014 के बाद कार्यान्वित हुई है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी के संज्ञान में लाना चाहता हूं कि सांसद आदर्श ग्राम योजना जैसी लोकप्रिय योजना के लिए विशेष तौर पर निधि का प्रावधान करना अत्यंत आवश्यक है। केन्द्र और राज्य सरकार की सभी योजनाएं और सांसद आदर्श ग्राम योजना को लागू करने के लिए हम हमेशा प्रयत्नशील रहते हैं।

क्या माननीय मंत्री जी यह स्पष्ट करेंगे कि सी.एस.आर. फण्ड के माध्यम से सांसद आदर्श ग्राम योजना के लिए आवश्यक तथा महत्वपूर्ण विकास कार्यों के लिए सम्बन्धित परिसर की कम्पनी को सरकार के माध्यम से कोई दिशानिर्देश जारी करने के लिए विचार किया गया है?

श्री अनुराग सिंह ठाकुर: माननीय अध्यक्ष जी, सी.एस.आर. के प्रति माननीय सांसद बहुत गम्भीर हैं क्योंकि पहली तारीख को भी इनका प्रश्न सी.एस.आर. से सम्बन्धित था और आज पन्द्रह तारीख को भी इनका प्रश्न है। सांसद आदर्श ग्राम योजना एक बहुत महत्वपूर्ण योजना है, जिससे गांवों का विकास होगा, ऐसा माननीय प्रधान मंत्री जी की सोच है। लेकिन, कम्पनीज एक्ट के अन्तर्गत सी.एस.आर. के जो अपने नियम हैं, उसमें शिड्यूल-7 के अन्तर्गत दिया गया है कि आप किन-किन योजनाओं पर पैसा खर्च कर सकते हैं, चाहे वह सांसद आदर्श ग्राम योजना हो या कोई दूसरी योजना हो, कोई भी कम्पनी वहां पर अपने पैसे खर्च कर सकती है और शिड्यूल-7 में जितने प्रोग्राम्स दिए गए हैं, उनके अन्तर्गत कोई भी कार्य अगर माननीय सांसद जी अपने क्षेत्र में कराना चाहें तो इसमें सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं होता है। इसे कम्पनियां स्वयं करती हैं। जिन कम्पनियों की नेट वर्थ 500 करोड़ रुपये से ज्यादा हो, टर्न ओवर 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा हो या वे पाँच करोड़ रुपये से ज्यादा की प्रॉफिट कमाती हैं तो उन्हें पिछले तीन सालों के एवरेज के दो प्रतिशत से ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ते है और इसमें सरकार का सीधे तौर पर कोई हस्तक्षेप नहीं है।

श्री रामदास तडस (वर्धा): माननीय अध्यक्ष जी, मैं यह प्रश्न इसलिए पूछता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र में बहुत-सी कम्पनियां हैं, लेकिन वहां मुझे सी.एस.आर. फण्ड ही नहीं मिलता है। सार्वजनिक क्षेत्र में कार्यरत सरकारी कम्पनियों के माध्यम से सांसद आदर्श ग्राम योजना के महत्वपूर्ण कार्य के लिए सी.एस.आर. फण्ड निधि उपलब्ध कराई जाए। यदि यह उपलब्ध करायी जाती है तो सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र में कार्यरत सरकारी कम्पनियों के सन्दर्भ में अपने माध्यम से दिशानिर्देश देने के लिए उचित कदम उठाए।

श्री अनुराग सिंह ठाकुर: माननीय अध्यक्ष जी, मैंने पहले कहा कि माननीय सांसद जी इसके प्रति बहुत गम्भीर हैं, क्योंकि पन्द्रह दिनों के अन्दर ही इनका दूसरी बार यह प्रश्न है।

माननीय अध्यक्ष: माननीय सांसद जी ने आपको इसका कारण बता दिया है।

श्री अनुराग सिंह ठाकुर: अध्यक्ष जी, इसलिए मैं उसी विषय पर आने वाला हूं कि प्राथमिकता उसी क्षेत्र को देनी है जहां पर वह कम्पनी काम कर रही है। यह नियम के अनुसार भी है।

माननीय अध्यक्ष: कम्पनी वह फण्ड वहां नहीं दे रही होगी, तभी तो माननीय सदस्य ने प्रश्न पूछा है। आप बस डायरेक्शंस दे दें कि वे इनके यहां काम करें।

श्री अनुराग सिंह ठाकुर: माननीय अध्यक्ष जी, इसमें सरकार सीधे तौर पर कहीं हस्तक्षेप नहीं कर सकती, निर्देश जारी नहीं कर सकती।

महोदय, मैं आपके माध्यम से कुछ आँकड़े बताना चाहता हूं। वर्ष 2014-15 में 380 पी.एस.यूज़. ने 2816 करोड़ रुपये खर्च किए। जो नॉन पी.एस.यूज़. हैं, ऐसी 16,405 कम्पनियों ने 7,249 करोड़ रुपये खर्च किए। इससे बढ़ कर वर्ष 2016-17 में 407 कम्पनियों ने 3,285 करोड़ रुपये खर्च किए और 21,063 कम्पनियों ने 10,956 करोड़ रुपये खर्च किए।

THE MINISTER OF FINANCE AND MINISTER OF CORPORATE AFFAIRS (SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN): Sir, I would like to take this opportunity to expand on the answer given effectively by the Minister of State on this matter. The idea of Sansad Adarsh Gram Yojana, which the hon. Prime Minister brought in 2014, was to make sure that the Member of Parliament, irrespective of whether he represents through the Lok Sabha or the Rajya Sabha, would adopt such villages which are in desperate need of help, essentially using the Member of Parliament's knowledge of the various schemes which already exist so that he, by adopting that village, will make sure that the existing programmes and the schemes reach that village and using such existing programmes, these villages will stand out as exemplary villages.

(1120/SRG/RV)

So, it is all right for a Member of Parliament to also access resources from the CSR, but it is not the funding which is the matter, there it is more the adoption, ensuring you are sitting and talking with the concerned people, stakeholders there, the Gram Panchayat there, and making sure what has not reached them through the existing scheme reaches them. So, the core idea is to make sure that the Member of Parliament, through his awareness, access, Parliament, Government, is able to bring the village up to the speed with the rest of them.…(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, मैं आपको बाद में मौका दूंगा।

…(<u>व्यवधान</u>)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, प्रश्न संख्या 313 एवं 314 एक नेचर के हैं, इसलिए मैं इन प्रश्नों को क्लब कर रहा हूं।

प्रश्न संख्या 313 - श्री एच. वसंतकुमार।

SHRI H. VASANTHAKUMAR (KANNIYAKUMARI): Social responsibility is the most important thing for the development of agriculture, roads, water supply, etc. It is connected with the CSR activity. I would like to know from the Minister whether the money under CSR can be used in other areas also. I also would like to know whether they have adjusted the pending amount, which they are having in the corporate office, for the next year.

श्री अनुराग सिंह ठाकुर: माननीय अध्यक्ष जी, जैसा मैंने पहले भी कहा कि इसके नियम के शिड्यूल-7 के अन्तर्गत बड़े विस्तार से कहा गया है कि किस क्षेत्र में आपको पैसे खर्च करने हैं। इसका दायरा बढ़ाया गया। इसमें तीन-चार अमेंडमेंट्स की गई हैं। भारत सरकार ने जो सी.एस.आर. का पोर्टल बनाया है, उसमें 500 कम्पनियों ने कहां पैसे खर्च किए, इसकी विस्तार से जानकारी दी गयी है। यह पैसा सरकारी योजनाओं के अन्तर्गत सीधे तौर पर खर्च नहीं होता है, लेकिन किसी भी कम्पनी को अगर अपने क्षेत्र में विकास के काम करने हैं, तो अलग-अलग कम्पनीज़ अपनी सी.एस.आर. कमेटीज के माध्यम से सालाना रिपोर्ट तैयार करती हैं, उसमें पैसे खर्च करती हैं और अपने रिटर्न के माध्यम से यह बताती हैं कि इन पैसों को किस क्षेत्र में खर्च किया गया।

SHRI H. VASANTHAKUMAR (KANNIYAKUMARI): The corporate office, from the net profits, are supposed to spend under CSR. But it is not possible to pre-plan the amount and all those things. Whatever profit they may be having, they are able to spend that money for the development of the nation. How can they pre-plan that thing?

श्री अनुराग सिंह ठाकुर: माननीय अध्यक्ष जी, जैसा मैंने पहले कहा कि जिन कम्पनियों को पता है कि उनकी नेट वर्थ 500 करोड़ रुपये है, वे उस दायरे में आती हैं, जिन कम्पनियों की 1000 करोड़ रुपये की टर्नओवर है, वे उस दायरे में आती हैं, जिन कम्पनियों का प्रॉफिट पाँच करोड़ रुपये से ज्यादा का है, वे उस दायरे में आती हैं। उनके तीन सालों के एवरेज का दो प्रतिशत पैसा खर्च करना है। जो कम्पनियां इसके अन्तर्गत आती हैं, वे अपनी प्लानिंग पहले से ही करती हैं। सी.एस.आर. कमेटी अलग से बनाई हुई है और इसके कम्प्लायंस के लिए, सेन्ट्रलाइज्ड स्क्रूटनी के लिए केन्द्र सरकार ने भी अपने यहां मैकेनिज्म बना रखा है। इसके प्रॉस्क्यूशन के लिए सी.एस.पी.एम. है, जिसे हम सेन्ट्रलाइज्ड स्क्रूटनी एण्ड प्रॉस्क्यूशन मैकेनिज्म कहते हैं। इसे भी शुरू किया गया है। वर्ष 2015-16 से हमने इसकी जानकारी जुटानी शुरू की है और सभी कम्पनियों को इसे लागू करने के प्रति हमने सबको जागरुक किया है।

माननीय अध्यक्ष: माननीय मंत्री जी, कई माननीय सदस्य यहां नए हैं। वे यहां पहली बार आए हैं। इसलिए सी.एस.आर. गाइडलाइंस की एक कॉपी आप सभी माननीय सदस्यों को भिजवा दें।

श्री अनुराग सिंह ठाकुर: जी, माननीय अध्यक्ष जी।

माननीय अध्यक्ष: श्री उन्मेश भैय्यासाहेब पाटिल – उपस्थित नहीं।

श्री कल्याण बनर्जी।

SHRI KALYAN BANERJEE (SREERAMPUR): CSR is basically spent by the companies or related factories situated in the area for the development of that area. That is the basic concept of Corporate Social Responsibility. Let us take the case of Eastern Coalfields Ltd.

(1125/KKD/MY)

Mines are there and company is situated. So, construction of roads, etc., in and around the locality is the basic intention of the Corporate Social Responsibility.

I am talking about the Central PSUs. Nowadays, we are seeing that a company is situated at one place but the money is going to a different State. It has happened in 15th Lok Sabha also. Let me tell you the case of a company, Durgapur Steel Plant of Steel Authority of India, which is situated at Durgapur. The monies of CSR Funds were sent to Nagpur where nothing was there. This is one of the points.

Sir, I am talking about only the Central PSUs and not about the private companies. From the Central Public Sector Undertakings' CSR Funds, monies are going to Prime Minister's Relief Fund and Prime Minister's other development funds. I do not have any problem here. But I am also saying that in that case, why should this money not go to the Chief Minister's Relief Fund also? Why should all States not get it? Why should it only go to the Prime Minister's Relief Fund?

श्री अनुराग सिंह ठाकुर: माननीय अध्यक्ष जी, मैं माननीय सांसद जी को थोड़ी जानकारी देना चाहूंगा। पहली बात यह है कि सी.एस.आर. के प्रोविज़न के अंतर्गत प्राइऑरिटी स्थानीय क्षेत्र को देनी है और यह तय है। जहां माइनिंग होती है, वहां डिस्ट्रिक्ट लेवल पर माइनिंग फाउंडेशन बनी हुई है। वहां पर 10 प्रतिशत पैसा देना पड़ता है, जो वर्ष 2015 के बाद की कंपनीज़ हैं और जो उससे पहले की हैं, उनको 30 प्रतिशत देना पड़ता है।

अगर आप पिछले साल का ही आंकड़ा देखें, वर्ष 2016-17 का आंकड़ा देखें, तो कुल मिलाकर 7,860 करोड़ रुपये सी.एस.आर. में खर्च किये गये और मात्र 8 करोड़ 70 लाख रुपये, केवल 8.69 करोड़ रुपये प्राइम मिनिस्टर रिलीफ फंड के लिए दिये गये, जो शायद एक प्रतिशत से भी कम हो। यह एक प्रतिशत भी नहीं होता है, 0.01 प्रतिशत भी नहीं होगा। यह आरोप लगाना कि प्राइम मिनिस्टर रिलीफ फंड के लिए दिया गया और मैं दूसरी बात कहूं कि अगर यह होगा तो प्राइम मिनिस्टर रिलीफ फंड भी इस देश के लोगों के लिए ही खर्च होता है।

माननीय अध्यक्ष: यह अच्छी बात है। प्राइम मिनिस्टर रिलीफ फंड में देने में क्या दिक्कत है।

श्री अनुराग सिंह ठाकुर: माननीय अध्यक्ष जी, मैं दूसरी बात कहूं कि यह समाज की भलाई के लिए है। समाज की जो ओवरॉल रिस्पॉन्सबिलिटी है, उसके लिए यह पैसा है और इस क्षेत्र में बहुत शानदार काम किया गया है।

श्री दिलीप घोष (मेदीनिपुर): अध्यक्ष महोदय, हमारे यहां संस्थाओं को जो सी.एस.आर. फंड मिलता है, डीएम उसको नो ऑब्जेक्शन नहीं देता है, वहां पैसा पड़ा हुआ है। लोग काम करने के लिए भी तैयार हैं, लेकिन वहां काम नहीं होता है। मैं वहां तीन साल तक विधायक रहा, वहां की नगरपालिका ने डीएम को लिखकर दिया कि हम विधायक को पैसा खर्चा नहीं करने देंगे, फिर उनके …(कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) को कौन पैसा देगा? यहां एक प्रकार से बोलना और वहां दूसरी प्रकार से करना, यह कैसे हो सकता है? वहां की प्रशासन सरकारी पैसा खर्च करने के लिए परमिशन नहीं देती है। इसको मैंने अनुभव किया है।

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, आप प्रश्न पूछिए।

श्री अनुराग सिंह ठाकुर: माननीय अध्यक्ष जी, मुझे लगता है कि यह सी.एस.आर. के बजाय अपनी पूर्व की बातें कर रहे हैं। …(व्यवधान) मुझे लगता है कि माननीय सदस्य ने कहना चाहा कि पश्चिम बंगाल में सी.एस.आर. तो दूर की बात है, बल्कि जो विधायक निधि का पैसा था, वह भी खर्च नहीं हो पाता था।…(व्यवधान) यह पहले सदस्य नहीं है, मुझे लगता है कि कि अधीर रंजन जी ने पहले भी कहा कि वे दिशा कमेटी की मीटिंग्स नहीं कर पाते थे। यह राज्य का विषय है, लेकिन माननीय सांसदों का अधिकार है कि स्थानीय कमेटी उस दिशा में देखे। यह सी.एस.आर. से रिलेटेड नहीं है, लेकिन माननीय सदस्य ने बड़ा गंभीर विषय उठाया कि अगर पश्चिम बंगाल में एक विधायक तथा सांसद के नाते पैसा खर्च नहीं हो, तो उसको गंभीरता से लेना चाहिए।

SHRI KALYAN BANERJEE (SREERAMPUR): After 15th Lok Sabha, DISHA has not been constituted.

माननीय अध्यक्ष: मैंने अधीर रंजन जी की बात पर … *(Not recorded)* को आग्रह कर दिया है कि उन्हें 'दिशा' कमेटी की मीटिंग में बुलाए।

(इति)

(प्रश्न 304)

श्री अशोक कुमार रावत (मिश्रिख): माननीय अध्यक्ष जी, देश के गरीबों के लिए हमारे लोकप्रिय प्रधान मंत्री जी ने उज्ज्वला योजना की शुरुआत की है। उज्ज्वला योजना एक बहुत ही उपयोगी योजना है, जिसके अंतर्गत गरीबी रेखा के नीचे आने वाले सभी व्यक्तियों को गैस कनेक्शन उपलब्ध कराना है। मैं इस संदर्भ में आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि मेरे मिश्रिख संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत राज्य के हरदोई, सीतापुर, कानपुर नगर, इन तीनों जनपदों में अत्यधिक पिछड़े ग्रामीण क्षेत्र हैं, जहां पर गरीबी रेखा से नीचे आने वाले परिवारों को आज तक इस योजना के अंतर्गत कितने गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं तथा इस क्षेत्र में अभी तक कितने परिवार ऐसे रह गए हैं, जिनको गैस कनेक्शन उपलब्ध कराया जाना बाकी है?

(1130/CP/RP)

श्री धर्मेन्द्र प्रधान: अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य ने अपने संसदीय क्षेत्र के एक जिले के बारे में पूछा है। मैं उनको निर्दिष्ट रूप में इसकी जानकारी दूंगा। उन्होंने एक और प्रश्न इसी के साथ जोड़ कर उठाया है कि कब तक सम्पूर्ण आबादी को, गरीबों को एलपीजी कनेक्शन मिल जाएगा? मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य और सभी सदस्य साथियों को सूचित करना चाहूंगा कि बहुत तेजी से प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना सफलता के साथ आप सभी के सहयोग से इंप्लीमेंट हुई है। हम लोग इसमें शत-प्रतिशत की ओर बढ़ रहे हैं। उत्तर प्रदेश, एक नंबर के राज्य में 7 करोड़ 40 लाख कनेक्शन्स लग चुके हैं। उत्तर प्रदेश में ही अकेले लगभग 1 करोड़ 34 लाख 49 हजार कनेक्शन्स आज की डेट में लग चुके हैं। अगर आप सभी की मदद रहेगी, तो आने वाले समय में हम मिश्रिख जाएंगे और शत-प्रतिशत कनेक्शन्स लगाने की खुशियां मनाएंगे।

श्री अशोक कुमार रावत (मिश्रिख): महोदय, गरीबी रेखा के नीचे आने वाले परिवारों के लिए प्रधान मंत्री जी ने उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 14 किलो का गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराया है। इसकी कीमत गरीबी रेखा के नीचे वाले परिवारों के लिए असहनीय है। गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले परिवारों के लिए पांच किलो का सिलेण्डर उपलब्ध कराए जाने हेतु कदम उठाया गया है। मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि आप ये छोटे सिलेण्डर कब तक गरीब परिवारों को उपलब्ध कराएंगे?

श्री धर्मेन्द्र प्रधान: अध्यक्ष जी, 14 किलो सिलेण्डर का मूल्य आज के दिन 637 रुपए है। इसी महीने में जिसने सिलेण्डर खरीदा है, उसको तीन दिनों के अंदर 142 रुपये सब्सिडी लौटाई गई है, यानी इफेक्टिव रेट 494.35 रुपये है। मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को तुलनात्मक जानकारी दूंगा कि एलपीजी के बदले हम लकड़ी, उपले और अन्य प्रकार के प्रदूषणकारी ईंधन जलाते हैं। उसकी एक स्टडी आई है। कई संस्थाओं ने स्टडी की है कि उसी मात्रा की ऊर्जा के लिए, जो आज 494 रुपये में मिल रही है, लगभग साढ़े 850 रुपये से 1,000 रुपये खर्च करने पड़ते हैं। यह एलपीजी अन्य ऊर्जा से महंगी नहीं है। 14 किलो और 5 किलो सिलेण्डर के बारे में आपने सुझाव दिया है। जब प्रधान मंत्री जी ने ग्राम स्वराज अभियान का एक सघन मोबिलाइजेशन किया, उस समय एक फीड बैक आया कि 14 किलो वाला सिलेण्डर खरीदना गरीबों के लिए थोड़ा चुनौतीपूर्ण रहता है। पांच किलो वाले सिलेण्डर की पहले से ही व्यवस्था थी, उसको और तेजी से बढ़ाया जा रहा है।

मैं आपसे अनुरोध करना चाहूंगा कि अपने चुनाव क्षेत्र में यदि आप पांच किलो कनवर्जन में थोड़ी रुचि लेंगे, तो हम आपकी तरफ सहयोग का हाथ बढ़ाना चाहेंगे। हम चाहेंगे कि ज्यादा से ज्यादा इलाकों में पांच किलो वाले सिलेण्डर चले जाए, जिससे गरीबों के लिए सहूलियत रहेगी।

श्रीमती पूनमबेन हेमतभाई माडम (जामनगर): अध्यक्ष महोदय, माननीय प्रधान मंत्री जी के विजन से आज हम गर्व से यह बात बोल सकते हैं कि गरीब महिलाओं और बहनों को सशक्त करने वाली अगर विश्व की सबसे बड़ी कोई योजना है, तो वह उज्ज्वला योजना है। हमारे देश में 6 करोड़ से ज्यादा बहनों को आज इस योजना के माध्यम से लाभ हो रहा है। धुएं से बहनों के स्वास्थ्य को जो हानि पहुंचती थी, उसे सुधारने के लिए और बहनों की जो सामाजिक परिस्थिति थी, उसे ज्यादा सशक्त करने के मूलभूत उद्देश्य से माननीय प्रधान मंत्री जी ने इस समग्र योजना की घोषणा की थी।

मैं माननीय मंत्री जी को आपके माध्यम से अभिनन्दित करना चाहती हूं कि उन्होंने इतनी बड़ी योजना को इम्प्लीमेंट किया। आज विश्व में सबसे ज्यादा लाभार्थी उज्ज्वला योजना में हैं। इस योजना की मानिटरिंग का जो मैकेनिज्म है, उसकी जो सस्टेनिबिलिटी है, उसे भी माननीय मंत्री जी बहुत अच्छी तरह से आगे बढ़ा रहे हैं। इस योजना का जो उद्देश्य था, क्या बहनों का स्वास्थ्य और उनकी आर्थिक स्थिति में कोई सुधार आया है, क्या इस दिशा में कोई स्टडी हुई है? अभी एक रिपोर्ट आई थी कि आज 27 करोड़ बीपीएल परिवार गरीबी रेखा से ऊपर आ गए हैं।

(1135/NK/SMN)

उस दिशा में क्या उज्ज्वला योजना ने उनको स्वास्थ्य और गरीबी रेखा से ऊपर उठाने में कुछ कंट्रीब्यूट किया है? क्या इससे बहनों को कुछ बेनिफिट हुआ है, यही मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहती हूं?

श्री धर्मेन्द्र प्रधान: अध्यक्ष महोदय, आदरणीय सदस्या ने उज्ज्वला योजना में एलपीजी के लाभ के बारे में पूछा है। मैं उनका आभारी हूं कि उन्होंने इसकी स्वीकृति इस पवित्र गृह में दी है। प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना आज विश्व में महिला सशक्तीकरण की एक बहुत बड़ी मिसाल बन चुकी है। महिलाओं के नाम पर कनैक्शन होने से उनका इम्पॉवरमेंट भी हुआ है। इससे तीन-चार प्रकार के फायदे हुए हैं। इससे पर्यावरण को फायदा होता है, महिलाओं को रोजगार में फायदा होता है। कई प्रकार की रिपोर्ट्स आई हैं, जिसमें सबसे उल्लेखनीय रिपोर्ट इन दिनों आईआईएम अहमदाबाद से आई है। डब्ल्यूएचओ की एक स्टडी बनी है। यूएन की अभी एक मल्टी डायमेन्शनल पॉवर्टी इन्डेक्स में एक समीक्षा आई है, जिसमें कहा गया है कि भारत में इन दिनों कई प्रकार के इन्टरवेन्शन्स हुए हैं जिसमें एलपीजी भी एक कारण है, इससे लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर आने में फायदा हुआ है।

सबसे रोचक स्टडी इंडियन चेस्ट सोसायटी और चेस्ट रिसर्च फाउन्डेशन ने किया है, वे भारत में चेस्ट कन्जेशन के बारे में निरंतर स्टडी करते रहते हैं, यह ऑटोनोमस बॉडी है। उनकी एक रिपोर्ट सामने आई है। प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना के कारण गरीबों में चेस्ट कन्जेशन में बीस प्रतिशत की कटौती आई है। यह उज्ज्वला योजना की सबसे बड़ी स्वीकृति है। माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी की दूरदृष्टि और कल्याणकारी नीतियों की उपलब्धि है।

DR. G. RANJITH REDDY (CHEVELLA): Sir, the Prime Minister Ujjwala Yojana is a laudable scheme. But as per the definition of LPG connection, it has to include LPG cylinder, regulator and a stove. लेकिन अभी केवल सिलेंडर और रेग्युलेटर दिया जाता है। स्टोव को इन्कलूड करते हैं या नहीं? यह मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से पूछना चाहता हूं।

श्री धर्मेन्द्र प्रधान: अध्यक्ष जी, स्टोव एलपीजी कनैक्शन का पार्ट नहीं है। सिलेंडर, रेग्युलेटर और पाइप तीनों एलपीजी कनैक्शन का पार्ट हैं। ग्राहक क्वालिटी को देखते हुए स्टोव अपनी मर्जी से खरीद सकता है। इस सरकार ने उसकी भी चिंता की है। स्टोव मैन्युफ्रैक्चरर के साथ बैठ कर उज्ज्वला योजना के लिए टिकाऊ, क्वालिटी और सस्ते स्टोव का अरेंजमेंट किया है। सरकार अभी कंपनियों के माध्यम से एक लांग टर्म एमआई के रूप में रखा है। अभी फिलहाल लोगों को यह मुफ्त में मिलता है।

SHRI KANUMURU RAGHURAMA KRISHNARAJU (NARSAPURAM): Sir, my question is not directly linked to the wonderful Ujjawala scheme which has been in force. I have a question to the hon. Minister with slight deviation. Kindly pardon me for the deviation but it is an important question to the hon. Minister.

There is a proposal for blending 10 per cent ethanol with petrol by 2022. But in 2018, all ethanol imports were banned. With the growing demand for industrial consumption as well as human consumption and with the reduction in sugarcane-ethanol production in India, how are we going to achieve the target of 10 per cent by 2022? Are there any alternative measures that are there in the thinking process of the Government as it is very important environmentally to the nation?

श्री धर्मेन्द्र प्रधान: अध्यक्ष महोदय, यह प्रश्न मूल प्रश्न से संबंधित नहीं है, लेकिन अगर आप अनुमति देंगे क्योंकि उन्होंने अच्छा प्रश्न उठाया है, जिसका मैं उत्तर देना चाहूंगा। प्रधान मंत्री जी ने जब देश की जिम्मेवारी ली, देश में एथेनॉल प्रोक्योरमेंट की पेट्रोल में ही ब्लेन्डिंग होती है। देश में लगभग तीन हजार करोड़ लीटर पेट्रोल सलाना खपत होती है। उसकी एक परसेंट से कम ब्लेन्डिंग होती है। हमारी सरकार की एक स्पेसिफिक नीति किसानों की आमदनी को दोगुना करना है। कुछ मित्रों को लगता है कि एमएसपी देने से ही आमदनी दोगुनी होती है, हमारी सोच ऐसी नहीं है। हमारी सोच है कि उसकी मूल आमदनी में वैल्यू एडिशन करने से उसको ज्यादा पैसा मिलेगा। एथेनॉल उसमें एक कारगर कदम है। हमारा एथेनॉल प्रोक्योरमेंट जो एक परसेंट से कम था, वह बढ़कर छह परसेंट हो चुका है।

(1140/SK/MMN)

माननीय सदस्य ने अच्छा प्रश्न पूछा है। मैं उनको विनम्रता से कहना चाहता हूं, हम इम्पोर्ट रिप्लेसमेंट कर रहे हैं। तटीय इलाकों में कुछ बिचौलिए, मिडलमैन, ट्रेडर्स बैठे हैं, यह नीति उनकी इम्पोर्ट लॉबी के लिए नहीं है। शुगरकेन हो या अन्य, धीरे-धीरे सरकार रॉटन पटेटो, रॉटन गेहूं, टूटे

हुए चावल और बॉयोमास में से इथनॉल निकालने की टेक्नोलॉजी में से इथनॉल बनाएगी। इथनॉल, जो बिचौलियों के माध्यम से होती है, उसके लिए हमारी नीति नहीं है।

(इति)

(प्रश्न 305)

श्री अर्जुन साव (बिलासपुर): माननीय अध्यक्ष जी, महामहिम राष्ट्रपति जी की अधिसूचना में अनुसूचित जाति और जनजातियों का उल्लेख है। ऐसी बहुत सी जनजातियां हैं, जिनकी प्रचलित जातियां अधिसूचना में प्रकाशित जातियों से मिलती-जुलती हैं, लेकिन थोड़ी भिन्नता है। इस कारण बहुत बड़ा वर्ग आरक्षण के लाभ से वंचित होता है, देश भर में उन जातियों को जोड़ने के लिए प्रस्ताव होता रहता है, मांग होती रही है।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि इन जातियों को क्या अधिसूचना में जोड़ने का विचार किया जा रहा है?

जनजातीय कार्य मंत्री (श्री अर्जुन मुण्डा): माननीय अध्यक्ष जी, उत्तर में वैसे स्पष्ट किया गया है कि किस तरह से और किस प्रकिया के अधीन इन जातियों को सम्मिलित किया जाता है। कुछ विषय जो सरकार की जानकारी में हैं और कई राज्यों से इस सारे संदर्भ में सूचनाएं प्राप्त होती रहती हैं। राज्य सरकार से प्राप्त अनुशंसा और रिपोर्ट के अनुसार मंत्रालय आरजीआई को सारी सूचनाएं उपलब्ध कराती है और उन सूचनाओं के आधार पर बाकी की कार्रवाई रिपोर्ट आने के बाद की जाती है। ऐसे कई मामले हैं जिन पर सरकार गंभीरता से देख रही है, विचार कर रही है।, इसमें कई प्रकार के सिनोनिम्स हैं। कैडस्टराल सर्वे के डाटा से लेकर जब ब्रिटिश रूल था, उस समय की एन्थ्रोपोलिजिकल रिपोर्ट के अनुसार ट्राइबल्स सम्मिलित नहीं हो पाए। ऐसी चीजों का अध्ययन करते हुए केंद्र सरकार गंभीरता से विचार कर रही है ताकि सब चीजों को संशोधित करके ठीक किया जाए। पर्यायवाची शब्द के रूप में या कुछ जगह अक्षरों में परननसिएशन के कारण, कई राज्यों की अपनी बोली और डॉयलाग के कारण शब्दों में थोड़ा-बहुत अंतर आ जाता है, इस विषमता को दूर करने की कोशिश की जा रही है और इस पर लगातार बैठक चल रही है।

श्री अर्जुन साव (बिलासपुर): छत्तीसगढ़ राज्य के बारे में केंद्र सरकार कब तक निर्णय लेगी और कब तक लोगों को इसका लाभ मिलेगा?

श्री अर्जुन मुण्डा: माननीय अध्यक्ष जी, यह कई राज्यों का विषय है, एक राज्य का नहीं है। कई राज्यों का विषय होने के कारण इस पर लगातार कार्य चलता रहता है। हम कोशिश कर रहे हैं कि जल्द से जल्द इस मामले का निपटारा किया जाए।

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): The issue is relating to the modalities that had been prepared by the Government initially in 1999 and subsequently amended in 2002.

आज जिस विषय पर यह प्रश्न बार-बार उठाया जा रहा है, वह मोडेलिटीज़ के ऊपर ही है। आपने कहा कि सिनोनिम्स है, स्पैलिंग्स में कुछ एल्फाबे्टस इधर-उधर हो जाते हैं, परननसिएशन में अलग हो जाता है, इस हिसाब से यह लिस्ट से छूट जाता है। ओडिशा सरकार ने 21 प्रस्ताव भेजे हैं, जैसे छत्तीगढ़ से 28 हैं और झारखंड से 10 प्रस्ताव हैं। These are the three major tribal-dominated States.

(1145/SK/VR)

आपने उत्तर में दिया है कि तीन साल हो चुके हैं, और कितने साल लगेंगे? आपने जो मोडेलिटीज़ बनाई हैं, क्या आप मोडेलिटीज़ को कम नहीं कर पाएंगे? आपने जो व्यवस्था बनाई है, क्या इसे त्वरित ढंग से करा नहीं पाएंगे? सरकार अपने हिसाब से डिक्लेयर नहीं कर रही, आरजीआई को कहा गया है कि वह मोडेलिटीज़ तय करे। In Odisha, Saara is a tribal caste. Sabara and Saara are tribals. Just because their pronunciation is different, they are out from the list of Scheduled Tribes. How long will it take? Should you fix a timeframe that within this much of time the Registrar General of India (RGI) will finalise and declare it, and notify the Government to come to the House for passing it as a Bill to make a law.

श्री अर्जुन मुण्डा: माननीय अध्यक्ष जी, मैं माननीय सदस्य को बताना चाहता हूं कि बुधवार को आरजीआई और ट्राइबल अफेयर्स मिनिस्ट्री की ऑफिशियल मीटिंग हुई थी। इन सब चीजों पर चर्चा होने के बाद कहा गया है कि जितनी जल्दी हो सके, किया जाएगा। मंत्रालय महसूस करता है कि इसमें बहुत लोगों को कठिनाई हो रही है, इसे हम जल्दी से जल्दी कराएंगे।

श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा (बारदौली): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे देश के आदिवासियों की वर्तमान समस्याओं पर प्रश्न उठाने का मौका दिया।

माननीय मंत्री ने अच्छा जवाब दिया है, मैंने पूरा उत्तर देखा है। सभी राज्य सरकारें और भारत सरकार ट्राइबल डैवपलमेंट के लिए बहुत अच्छी योजनाएं ले कर आई है। गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश राज्यों में, जो असल में आदिवासी नहीं हैं, वे झूठे प्रमाण-पत्र लेकर आदिवासी सूची में शामिल हो रहे हैं। ऐसा होने के कारण ओरिजनल आदिवासियों के अधिकार समाप्त होते जा रहे हैं। वे लोग जो असल में आदिवासी नहीं हैं, नकली आदिवासी प्रमाण-पत्र के आधार पर शिक्षा संस्थानों, कई योजनाओं से लेकर पेट्रोल पम्प आदि के लाभ ले रहे हैं। सरकार भी आदिवासियों का जीवनस्तर उठाने का प्रयास कर रही है। अगर यह सिलसिला चालू रहेगा तो आदिवासियों को जन्म से जो अधिकार मिले हैं, नहीं मिलेंगे, इससे आदिवासी तो आदिवासी ही रह जाएंगे। सरकार इनकी सुरक्षा के लिए क्या करना चाहती है?

श्री अर्जुन मुण्डा: माननीय अध्यक्ष जी, जब इस तरह का कोई विषय आता है तो उस पर जांच होती है। मैं माननीय सदस्य को बताना चाहता हूं, महामहिम राष्ट्रपति द्वारा आर्टिकल 242 में जो अधिसूचित हैं, उन्हीं को सर्टिफिकेट दिया जाता है।

(इति)

(प्रश्न 306, 307 और 312)

माननीय अध्यक्ष: प्रश्न 306।

श्री प्रवीन कुमार निषाद – अनुपस्थित।

श्री अजय निषाद – अनुपस्थित।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: प्रश्न 306 और 307 को क्लब कर देते हैं।

श्री जुगल किशोर शर्मा।

श्री जुगल किशोर शर्मा (जम्मू): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपका आभार प्रकट करना चाहता हूं कि आपने मुझे बहुत ही महत्वपूर्ण प्रश्न पूछने का मौका दिया। राजौरी-पुंछ की पहाड़ियों पर सात जिले हैं, ये जिले इस क्षेत्र की सुंदरता को बढ़ाते हैं। इनकी मान्यता आदिकाल और महाभारत काल से है। इन जिलों के आसपास का क्षेत्र पर्यटन और आस्था से जुड़ा हुआ है। देश भर के पर्यटक इन जिलों का आनंद उठा सकें, इसलिए मेरी मांग है कि पर्यटन के नाते इन जिलों को डैवलप किया जाए ताकि यहां के स्थानीय लोगों को रोजगार भी प्राप्त हो सके। इसके लिए मंत्री महोदय क्या कदम उठाने वाले हैं?

(1150/MK/SAN)

श्री प्रह्लाद सिंह पटेल: माननीय अध्यक्ष जी, मैं माननीय सदस्य का आभार व्यक्त करता हूं। वे एक वरिष्ठ सदस्य हैं और जम्मू-कश्मीर से आते हैं। मैं आपके माध्यम से इनसे सबसे पहले ये कहना चाहता हूं कि पर्यटन मंत्रालय राज्य के प्रस्तावों पर विचारों करता है। उन्होंने जो कहा है, मैं उसका उत्तर दूंगा कि हम पर्यटन अवसंरचना बनाने का काम करते हैं, लेकिन राज्य के सहयोग से संवर्द्धन, मार्केटिंग एवं कौशल विकास का काम भी करते है। लेकिन, माननीय सदस्य ने जो प्रश्न पूछा है, मैं उनके ध्यान में लाना चाहता हूं कि अभी वहां जो चालू योजनाएं हैं, उसमें इनको जानकारी होगी कि पीएमआरपी, 2004 के तहत प्रस्तावित 12 विकास प्राधिकरण, 3 सर्किट और 50 पर्यटक गांव की स्थापना तथा वूलर झील का संरक्षण है। आपने तालाब की बात की है। मुझे खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि पैसे आवंटित हुए, लेकिन उस समय जो राज्य सरकार थी, उसने इस पैसे का उपयोग नहीं किया। यू.सी. अभी वापस नहीं आया है। प्राय: भारत सरकार यह तय करती है कि जब पहली योजना पूरी हो जाए, तब किसी दूसरी योजना के लिए पैसा रिलीज़ करेंगे। मेरा आपके माध्यम से माननीय सदस्य से निवेदन है, मैं उनके प्रस्ताव पर जरूर विचार करूंगा। राज्य सरकार प्रस्ताव को भेजे और साथ में यूटिलाइजेशन सटिफिकेट भिजवाने की कोशिश करे, ताकि भारत सरकार को कोई असुविधा नहीं हो।

श्री जुगल किशोर शर्मा (जम्मू): अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय को बताना चाहता हूं कि प्रदेश सरकार द्वारा दो प्रोजेक्ट्स केंद्र सरकार के पास भेजे गये हैं। एक प्रोजेक्ट राजौरी में- शक्कर मार्ग, सेवेन लेक्स प्रोजेक्ट्स हैं और दूसरा प्रोजेक्ट डेवलपमेंट ऑफ गंगा घाट सुन्दरबनी है। इन प्रोजेकट्स में काफी विलम्ब हो चुका है। इन प्रोजेक्ट्स पर कब काम शुरू होगा ताकि इस क्षेत्र

में भी पर्यटन का डेवलपमेंट हो? इससे बाहर के जो पर्यटक हैं, वे भी उस स्थान पर आएंगे तो इससे वहां के लोगों को रोजगार प्राप्त होगा।

श्री प्रह्लाद सिंह पटेल: माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सदन को बताना चाहता हूं कि जो विचाराधीन परियोजनाएं हैं, उनमें एक इको टूरिज्म का एडवेंचर एंड इको परिपथ जम्मू, जिसमें रणजीत सागर बांध, नगरौटा, सोनमर्ग, दुधपठारी है। इको टूरिज्म की दूसरी योजना, जिसमें अखनूर, सांबा, गुलाबगढ़ और सुन्दरबनी है। विरासत परिपथ में, झेलम रिवर फ्रंट, रेनवारी, और जोगी लंकार, ये तीन परियोजनाएं हमारे पास प्रस्तावित हैं। इसके अलावा हिमालयन परिपथ की पांच योजनाएं हैं। हमने राज्य सरकार को प्रस्तुत करने के लिए कहा है, लेकिन हमारे पास राज्य सरकार की तरफ से कोई डीपीआर या अन्य कोई जानकारी पूरी तरह से नहीं आई है।

श्रीमती रीती पाठक (सीधी): धन्यवाद अध्यक्ष महोदय। आज मुझे पहली बार प्रश्नकाल में प्रश्न पूछने का अवसर प्राप्त हुआ है। मैं हृदय से आपके प्रति आभार व्यक्त करती हूं। मैं प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद देते हुए जरूर यह कहना चाहूंगी कि माननीय मंत्री जी मध्य प्रदेश से ही है और मेरे संसदीय क्षेत्र में उनका आना जाना अक्सर होता रहता है। इसलिए मैं बहुत आशा के साथ आज इस विषय को आपके माध्यम से यहां पर रखना चाहती हूं।

माननीय मंत्री जी ने जो उत्तर दिया है, उस उत्तर में मैं अपने क्षेत्र की पर्यटन विकास की संभावनाओं को ढूंढ़ रही थी, लेकिन मुझे नहीं मिलीं। मेरा बस इतना ही निवेदन है कि मध्य प्रदेश के भिंड क्षेत्र में 10 वीं शताब्दी काल के कई मन्दिर और स्तूप स्थापित हैं। उदाहरण के तौर पर, चन्देल में भगवान शिव का मन्दिर, परडी का चतुर्भुज भगवान विष्णु का मन्दिर, जो पांचवी शताब्दी का है, माना की गुफाएं हैं, बीरबल की अराध्य देवी चंडी मां का मन्दिर है और रीवा के गढ़ में, अध्यक्ष जी, मैं आपको भी आमंत्रित करना चाहूंगी, 37 फीट की भगवान भैरव की प्रतिमा है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से इतना ही जानना चाहती हूं कि क्या इन अत्यंत पुरातन स्थलों को विशेष पर्यटन स्थल बनाकर इनके गौरव को स्थापति करने की कोई योजना है? यदि है तो क्या है और नहीं है तो कब तक संभावना है? मैं इसमें एक लाइन और भी जोड़ना चाहती हूं कि कम से कम ग्रामीण परिपथ थीम में ही इस योजना को जोड़ दिया जाए, तो मैं बहुत आभारी रहूंगी।

(1155/YSH/RBN)

श्री प्रह्लाद सिंह पटेल: मैं माननीय सदस्या जी को धन्यवाद करता हूं। मध्यप्रदेश में वन्य जीव सर्किट, बौद्ध सर्किट, विरासत सर्किट और इको सर्किट चल रहे हैं। इनमें से प्रस्तावित और विचाराधीन बौद्ध सर्किट का मामला था, जो सांची और बुद्धवापी में नहीं आता, लेकिन रामायण सर्किट सतना उसमें आता है। पहले उत्तरप्रदेश में 51 करोड़ का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ था, लेकिन अभी मध्यप्रदेश सरकार ने 51 करोड़ का प्रस्ताव हमें भेजा है। इसे मंत्रालय देखेगा और उस पर काम करेगा। माननीय सदस्या को मैं एक बात कहना चाहता हूं कि उनको लगे हुए हिस्से अमरकंटक का साइड सलेक्शन हुआ है और उस पर काम चल रहा है। अब मैं उनके तीसरे प्रश्न पर आता हूं।

अध्यक्ष जी, मुझे जानकारी है कि एक बहुत बड़ा खनन वहां पर ई.एस.आई. कर रही है। मुझे लगता है कि जब भी मैं कोई बात कहूंगा तो मैं उसकी जानकारी सदन को दूंगा। मुझे गर्व है कि

सिंगरौली के हिस्से में 10वीं शताब्दी की जो चीज मिली है, मैं उसकी पुष्टि इसलिए नहीं कर सकता, क्योंकि जब तक ई.एस.आई उस बारे में नहीं दे, तब तक मुझे लगता है कि सदन में इसके बारे में नहीं कहना चाहिए। लेकिन चाहे बाणभट्ट जी की जन्मभूमि हो, जहां पर मैं खुद गया था, मैंने जिन चीजों को वहां देखा था, उसके लिए मैंने निर्देशित किया है कि उसकी पर्याप्त जानकारी आए। ई.एस.आई. उस पर काम कर रही है, जब उसके परिणाम आएंगे, तो मैं आपके माध्यम से उनको सदन के पटल पर रखूंगा।

डॉ. फारूख अब्दुल्ला (श्रीनगर): मैं मंत्री जी से सिर्फ एक सवाल पूछना चाहता हूं कि जम्मू, कश्मीर और लद्दाख इन तीनों जगहों पर टूरिज्म का काम बहुत ज्यादा है। हम छ: मैम्बर्स ऑफ पार्लियामेंट, जो इन तीनों क्षेत्रों से आते हैं, अगर मंत्री जी हम सबके साथ मीटिंग करें तो हम अपने टूरिज्म के मिसाइल्स सामने रख सकेंगे।

श्री प्रह्लाद सिंह पटेल: अध्यक्ष जी, यह अच्छा सुझाव है। मैं इस पर जरूर विचार करूंगा।

माननीय अध्यक्ष: प्रश्न 312 को भी इसके साथ क्लब किया जाता है।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: मैं पहले व्यवस्था दे चुका हूं।

श्री सुनिल बाबूराव मेंधे (भन्डारा-गोंदिया): अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि मैं जिस क्षेत्र से आता हूं वहां का 44 प्रतिशत भाग जंगल से व्याप्त है। वहां कोका और नागजीरा दो टाइगर रिजर्व फोरेस्ट भी हैं। मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि पयर्टन मंत्रालय की ओर से उनके विकास करने के लिए कोई योजना है? अगर नहीं है तो वह योजना कब तक बनाने वाले है।

श्री प्रह्लाद सिंह पटेल: अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य ने प्रश्न पूछा था, वास्तव में एक समय पीआईडीडीसी एक योजना चलती थी, और उसके बंद होने के बाद हमने उसके लिए जो राशि रिलीज की थी। उसको महाराष्ट्र सरकार ने अपना अंशदान देकर पूरा किया है। अगर सदस्य चाहेंगे, तो मैं उसकी डिटेल्स उनको दे सकता हूं, लेकिन मुझे लगता है कि माननीय सदस्य जो बात कह रहे हैं, उसके लिए राज्य सरकार जब तक प्रस्ताव नहीं देगी, तब तक हम अपनी तरफ से कोई इनिशियेट नहीं कर सकते हैं। जो पिछली परियोजना थी, उसको राज्य सरकार ने पूरा किया है। राज्य सरकार से मैंने जानकारी मांगी है और उन्होंने बकायदा डिटेल्स दी है कि चाहे नवेगांव बांध हो, खम्म तालाब हो आदि, सभी उन्होंने पूरे किए है। हमारे पास जो यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट आया है, उससे भारत सरकार का मंत्रालय सहमत है।

श्री सुनिल बाबूराव मेंधे (भन्डारा-गोंदिया): मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि मैंने जब इन्फोर्मेशन निकाली तो महाराष्ट्र राज्य की ओर से पूर्व भाग का जो डी.पी.आर. बनाया जा रहा है और जहां तक जगल व्याप्त एरिया है और बफर जोन के जो लोग वहां रहने वाले है, उनके लिए रोजगार का कोई साधन नहीं है। ऐसे लोगों के लिए वहां पर सरकार अपना कुछ प्रोजेक्ट बनाना चाहती है। मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध रहेगा कि उसकेलिए कोई निधि उपलब्ध कराई जाए, जिससे रोजगार प्राप्त हो।

श्री प्रह्लाद सिंह पटेल: अध्यक्ष जी, मधु सरंचना के लिए पैसा देते हैं, यह मैंने आपके माध्यम से सदन को बताया है, इसकी पूरी तरह से वन पर्यावरण मंत्रालय से स्वीकृति ली जाती है, कोई प्रोजेक्ट बनता है तो वह राज्य सरकार का मामला है। मैं माननीय सदस्य से निवेदन करूंगा कि वह कोई प्रोजेक्ट बनाकर भेजे, मैंने भी उस स्थान को व्यक्तिगत रूप से देखा है। मेरा क्षेत्र छिंदवाड़ा और सिवनी बॉर्डर से सटा है। मैं वहां गया हूं, लेकिन मेरी कठिनाई यह है कि राज्य सरकार को प्रस्ताव देना होगा। और वे फारेस्ट एनवायरमेंट की परमिशन लेते है और अगर वे योजना को स्वीकृति देते हैं तो मैं उसमें पूरी मदद करूंगा।

SHRI LORHO S. PFOZE (OUTER MANIPUR): Mr. Speaker, Sir, thank you for giving me this opportunity to put a supplementary question during the Question Hour.

I want to ask the Minister what projects the Government has taken up for promotion of tourism in the North-East India, especially in my parliamentary constituency, Outer Manipur.

(1200/SM/RAJ)

Sir, the lack of other resources in North East has forced us to develop only this particular available resource, that is tourism. We think that this is a very important issue and our Minister is very well acquainted with North-East, especially Manipur. I would like to know from him about this.

श्री प्रह्लाद सिंह पटेल : अध्यक्ष महोदय, मैं मणिपुर के सांसद का अभिनंदन करता हूं। मैं मणिपुर के उन क्षेत्रों से परिचित हूं। पिछले साढ़े तीन वर्षों में मेरा मणिपुर के उन क्षेत्रों मे जाना हुआ है। मैं आपके माध्यम से उन्हें बताना चाहता हूं कि पूर्वोत्तर परिपथ में, मणिपुर में पर्यटक परिपथ विकास के लिए इम्फाल और खोंगजोम, माननीय सदस्य के क्षेत्र में इम्फाल नहीं है, लेकिन खोंगजोम है और वह पूर्वोत्तर परिपथ का हिस्सा है। अगर उसमें उनको लगता है कि कुछ और सुझाव देने की जरूरत है तो वह दें, मैं उनकी मदद करूंगा।

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न काल समाप्त।

(इति)

प्रश्न काल समाप्त

(1200/SM/RAJ)

Sir, the lack of other resources in North East has forced us to develop only this particular available resource, that is tourism. We think that this is a very important issue and our Minister is very well acquainted with North-East, especially Manipur. I would like to know from him about this.

श्री प्रह्लाद सिंह पटेल : अध्यक्ष महोदय, मैं मणिपुर के सांसद का अभिनंदन करता हूं। मैं मणिपुर के उन क्षेत्रों से परिचित हूं। पिछले साढ़े तीन वर्षों में मेरा मणिपुर के उन क्षेत्रों मे जाना हुआ है। मैं आपके माध्यम से उन्हें बताना चाहता हूं कि पूर्वोत्तर परिपथ में, मणिपुर में पर्यटक परिपथ विकास के लिए इम्फाल और खोंगजोम, माननीय सदस्य के क्षेत्र में इम्फाल नहीं है, लेकिन खोंगजोम है और वह पूर्वोत्तर परिपथ का हिस्सा है। अगर उसमें उनको लगता है कि कुछ और सुझाव देने की जरूरत है तो वह दें, मैं उनकी मदद करूंगा।

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न काल समाप्त।

(इति)

प्रश्न काल समाप्त

संसद भवन परिसर में स्वच्छता अभियान के बारे में

1201 बजे

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मुझे सभा को सूचित करते हुए खुशी हो रही है कि महात्मा गांधी जी के 150वीं जयन्ती वर्ष में उनकी प्रेरणा से संसद भवन परिसर में 13 और 14 जुलाई को स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया, जिसमें माननीय मंत्रीगण, संसद सदस्यगण, लोक सभा सचिवालय एवं अन्य एजेंसियों के कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने शनिवार और रविवार को अपनी छुट्टी कैंसिल करके, इसमें बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। हमारा प्रयास 'स्वच्छता अभियान' के इस संकल्प को संसद से देश के कोने-कोने, हर गांव, शहर तक ले जाना है।

इस अभियान के प्रति जनता को जागरूक बनाने में संसद सदस्यों की भूमिका महत्वपूर्ण है। आप लोग आए, आपने सक्रियता से हिस्सा लिया, इसके लिए आपको बहुत-बहुत साधुवाद, बधाई देता हूं। मुझे विश्वास है कि आपके सक्रिय सहयोग से, लोकतंत्र के इस मंदिर में स्वच्छता अभियान के माध्यम से हम यह संदेश जनता तक पहुंचाने में सफल हो सकेंगे और महात्मा गांधी जी के स्वच्छ भारत का सपना एवं माननीय प्रधान मंत्री जी का संकल्प 2 अक्टूबर, 2019 तक निश्चय ही पूर्ण कर पाएंगे।

स्थगन प्रस्ताव की सूचनाओं के बारे में विनिर्णय

1202 बजे

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मुझे कई स्थगन प्रस्ताव की सूचनाएं प्राप्त हुई है। यद्यपि ये महत्वपूर्ण हैं तथापि अभी सभा में व्यवधान डालना उचित नहीं है। इसलिए मैं इन सभी स्थगन प्रस्तावों की सूचनाओं को अनुमति प्रदान नहीं करता हूं।

…(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): सर, एक मिनट, यह बहुत गंभीर मुद्दा है।…(व्यवधान)

सभा पटल पर रखे गए पत्र

1203 बजे

माननीय अध्यक्ष : अब पत्र सभा पटल पर रखे जाएंगे। डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक

This is the first step under which registration of case becomes imperative and thus prosecution. ट्रांसफर होता है या कुछ होता है, to maintain the continuity of prosecution, the courts have been designated, rather than people, by notification. उन्होंने जो बात एग्जिस्टिंग सैशन जज के बारे में कही थी कि उन पर आलरेडी बहुत बर्डन होता है और यदि ये काम भी उन्हें दिए जाएंगे, तो ये सब करना उनके लिए संभव नहीं होगा।…(*Interruptions*) Let me complete.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्या, आप चेयर को संबोधित करें।

…(व्यवधान)

SHRIMATI MEENAKASHI LEKHI (NEW DELHI): So, the designation of a court helps in maintaining the continuity of prosecution even if people get transferred or go to some other jurisdiction. It is all meant for expeditious disposal.

Mr. Raja commented about communalisation of the Act. Let me explain to him, I can take him back to what Mr. Chidambaram said. I am quoting Mr. Chidambaram – 'कि वह जो था, वह कम्युनल लॉ था, यह सैक्युलर लॉ है, यह तो नहीं कहोगे। ऐसी उम्मीद करता हूं कि आपने देश का बहुत नुकसान किया है।' What I am trying to say is this. This particular enactment is actually a secular enactment. It is not defining the religion of a terrorist or the religion of a criminal. In fact, in practical side of its jurisdiction, Left Wing terrorism, terrorism in North East and all these things have been handled in a pretty much exemplary way. चलते-चलते एक बात, I just want to point out that आलरेडी 8 चीजें लिस्टेड थीं। इन 8 चीजों के अंदर 4 चीजें और इम्पोर्ट की गई हैं। वे चार चीजें हैं Section 66F of the IT Act, the Explosive Substances Act क्योंकि जब टैरोरिज्म के केसेज इन्वेस्टीगेट करते हैं, तो बम या इस तरह का मैटीरियल उनके पास होता है, जिसका अधिकार राज्य सरकार के पास होता है, इनके पास नहीं होता है इसलिए इस चीज को इम्पोर्ट करना जरूरी था। Trafficking of women and drug trafficking, हम लोग गोल्डन

क्रिसेंट और गोल्डन ट्राईएंगल के बिलकुल बीच में बैठे हैं, जहां सबसे ज्यादा स्मगलिंग होती है, ह्यूमन ट्रैफिकिंग भी होती है, इसलिए उससे डील करने के लिए Sections 370 and 370A of the Indian Penal Code have been brought in. अलग-अलग तरीके की बंदूकें AK-47 वगैरह हैं, इन्हें आर्म्स एक्ट के अंदर इम्पोर्ट किया गया है और जो प्रोहेब्टिड आर्म्स हैं, उनका बोर तक डिफाइन करके शेड्यूल में डाला गया है, जो एंटी हाईजैकिंग या एटोमिक एनर्जी आदि से संबंधित हैं।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्या, आप चेयर को संबोधित कीजिए।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्या, आप उनको उत्तर क्यों दे रही हैं?

…(व्यवधान)

श्रीमती मीनाक्षी लेखी (नई दिल्ली): माननीय अध्यक्ष जी, NIA has a pan-India presence in which 272 cases were registered. Judgements have been pronounced in 51 cases out of which conviction was secured in 46 cases. Overall, the conviction rate is more than 90 per cent. NIA has secured conviction of five Indian Mujahideen (IM) senior operatives including Yasin Bhatkal who has been awarded capital punishment for the twin blasts in Dilsukhnagar, Hyderabad and serial bomb blasts at Bodh Gaya. बातें कहते समय इन्हें पता होना चाहिए कि जिन 12 लोगों को पकड़ा गया और जिन पर जम्मू-कश्मीर में छ: केस तय किए गए, उसमें हाफिज़ मुहम्मद सईद, एलईटी ऑपरेटिव, सैयद सलाउद्दीन, हैड आफ हिज्बुल मुजाहिदीन, यासीन मलिक, चीफ आफ जेकेएलएफ, शब्बीर शाह, सैपेरेटिस्ट, आसिया अंद्राबी, चेयरपर्सन ऑफ दुखतरन-ए-मिल्लत, मसरते आलम, इन सबके खिलाफ कार्रवाई करने से इनकी टैरेरिस्ट फंडिंग को कम किया गया है और इसलिए यह आवश्यक है कि एक तरफ धर्म को न जोड़ा जाए, लेकिन धर्म को जोड़कर जिस तरह की हरकतें पूर्व में हुई हैं, वे आपके सामने हैं। आपको यह भी जानकारी है कि उन्होंने कहा था कि accused is not guilty till proven guilty.

महोदय, मैं आखिरी बात कहना चाहती हूं कि The person is not guilty till proven. साध्वी प्रज्ञा जी के लिए किस-किस तरह की बातें कर रहे थे और जो पेंडिंग केसेज हैं, जो खत्म केसेज हैं, उनके लिए वे किस-किस तरह की बातें कर रहे थे।

(इति)

(1510/VB/SMN)

डॉ. फारूख अब्दुल्ला (श्रीनगर): माननीय अध्यक्ष जी, आप जानते हैं कि हमारे स्टेट में कितना टेररिज्म है।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आप बाद में मंत्री जी से क्लैरिफिकेशन माँग लीजिएगा। गृह मंत्री जी सक्षम हैं।

…(व्यवधान)

डॉ. फारूख अब्दुल्ला (श्रीनगर): इससे पहले कि गृह मंत्री जी बोलें, हमारे एक मेम्बर को भी थोड़ा बोलने दीजिए।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, मैं आपको क्लैरिफिकेशन के लिए एक मिनट का मौका दे दूँगा।

…(व्यवधान)

गृह मंत्री (श्री अमित शाह): फारुख साहब, आप क्या गुज़ारिश करना चाहते हैं? …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आपके बोलने के बाद इनको क्लैरिफिकेशन का मौका देंगे।

डॉ. फारूख अब्दुल्ला (श्रीनगर): इनको बोलने दीजिए क्योंकि आप जानते हैं कि हमारा स्टेट टेररिज्म में कितना इनवॉल्व्ड है।…(व्यवधान) हमारे एक वर्कर को गोली मारने की कोशिश की गई, लेकिन बेचारा एक पुलिस वाला उसमें घायल हो गया। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, मैं गृह मंत्री जी को बोलने के लिए कह चुका हूँ। मंत्री जी के बोलने के बाद मैं क्लैरिफिकेशन कराने के लिए कहूँगा।

…(व्यवधान)

1511 बजे

गृह मंत्री (श्री अमित शाह): माननीय अध्यक्ष महोदय, जवाब तो हमारे एमओएस किशन रेड्डी जी देंगे, मगर चर्चा में कुछ चीजें आई हैं, आपके माध्यम से सदन के सदस्यों के लिए और देश की जनता के लिए मुझे लगता है कि उसे मेरे स्तर से स्पष्ट करना जरूरी है।

सबसे पहले बहुत-से सदस्यों ने कहा कि इसका मिसयूज़ होगा, ये होगा, वो होगा आदि। कुछ धर्मों के नाम भी दिये गये, कुछ ऑर्गेनाइजेशंस के नाम भी दिये गये। मैं सबसे पहले सदन को आश्वस्त करना चाहता हूँ कि नरेन्द्र मोदी सरकार की इस कानून को मिसयूज़ करने की न कोई इच्छा है, न मंशा है, न ऐसा हम कभी होने देंगे। इस कानून का 'शुद्ध रूप से' उपयोग आतंकवाद को खत्म करने के लिए ही किया जाएगा। मगर उसको खत्म करते वक्त हम यह भी नहीं देखेंगे कि यह किस धर्म के व्यक्ति ने किया है। ये दोनों चीजें स्पष्ट होनी चाहिए। जो कोई भी इसके दायरे में आएगा, जो कोई भी इस कानून की जद में गुनाह करेगा, उसको नसीहत देने का काम यह कानून करेगा। मैं सदन को यह आश्वस्त करना चाहता हूँ।

दूसरी बात, काफी सदस्यों ने कहा कि 'पोटा' को रिपील करना पड़ा, 'टाडा' को रिपील करना पड़ा क्योंकि इनका मिसयूज़ हुआ था। मैं रिकॉर्ड क्लीयर करना चाहता हूँ कि 'पोटा' को मिसयूज़ के कारण रिपील नहीं किया गया था, बल्कि 'पोटा' को वोट बैंक बचाने के लिए रिपील किया गया था। 'पोटा' का कोई मिसयूज़ नहीं हुआ, मैं स्पष्ट करना चाहता हूँ। 'पोटा' एक कानून था, जो देश को आतंकवाद से बचाता था, 'पोटा' एक कानून था, जो देश की सीमाओं की सुरक्षा करता था, 'पोटा'

एक कानून था, जो आतंकवादियों के जेहन में भय पैदा करता था। जो इसके खिलाफ काम करते थे, उनको जेल की सलाखों के पीछे ले जाता था और फाँसी के तख्ते पर चढ़ाता था। उस कानून को वर्ष 2004 में यूपीए सरकार के आने के बाद पहली कैबिनेट के पहले प्रस्ताव में रिपील किया गया था।…(व्यवधान) मैं मानता हूँ कि यह एक राजनीतिक कदम था। हमें कोई आपत्ति नहीं है। राजनीतिक कदम उठाइए, परन्तु संसद के सदन का उपयोग तो राजनीति के लिए न कीजिए। …(व्यवधान) आप ऐसा कहेंगे कि 'पोटा' का मिसयूज़ हुआ था और जो पकड़े गए, इस धर्म के कितने गए, ओवैसी साहब ने कहा कि मुसलमानों पर कार्रवाई होती थी। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय गृह मंत्री जी के अलावा कुछ रिकॉर्ड में नहीं जाएगा।

…(व्यवधान)… *(Not recorded)*

श्री अमित शाह: मैं कांग्रेस के सदन के नेता को कहना चाहता हूँ कि हमने रिपील नहीं किया था। वह एक्सप्लानेशन ही पॉलिटिकल था। …(व्यवधान) जब ये बोल रहे थे, तो हम इस तरह की बहस नहीं कर रहे थे। अध्यक्ष जी, मुझे आपका संरक्षण चाहिए। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: गृह मंत्री जी, आप सक्षम हैं।

…(व्यवधान)

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS, MINISTER OF COAL AND MINISTER OF MINES (SHRI PRALHAD JOSHI): When the entire discussion was held, there was absolutely no interruption from this side. Now, it is your turn. Please listen to him. The hon. Home Minister is replying. …(*Interruptions*)

SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY (BAHARAMPUR): I want to listen with rapt attention. …(*Interruptions*)

SHRI PRALHAD JOSHI: With rapt attention, you are trying to disturb him. I am telling you that it is unfair. I am only appealing to you. This is a very important enactment that we are bringing. Kindly listen very patiently. If you have got any clarification, you will have ample opportunities for that. …(*Interruptions*)

SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY (BAHARAMPUR): I want to get enlightened by the hon. Minister. …(*Interruptions*)

(1515/PC/MMN)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मैंने पूर्व में भी स्पष्ट किया था। पूर्व में भी व्यवस्था न होने के बाद भी जब कश्मीर के विषय पर चर्चा हो रही थी, तो माननीय मंत्री जी से मैंने आप सबका क्लैरिफिकेशन कराया था। मैं सभी सदस्यों को सदन के अंदर पर्याप्त मौका देता हूं। मैं सरकार से भी यह अपेक्षा करता हूं कि हर सदस्य का क्लैरिफिकेशन सरकार करे। माननीय गृह मंत्री जी अपनी बात रख रहे हैं। अगर किसी माननीय सदस्य को कोई क्लैरिफिकेशन चाहिए तो आप टेबल पर कागज़ भेजिये। अगर आवश्यकता होगी और विषय ऐसा होगा, तो निश्चित रूप से मैं आप सबका सरकार से क्लैरिफिकेशन कराउंगा। माननीय गृह मंत्री जी, अब आप बोलिये।

श्री अमित शाह : माननीय अध्यक्ष जी, मैंने जो कहा, उसके समर्थन में मैं कुछ और कहना चाहता हूं। पोटा को रिपील करना उचित कदम नहीं था, ऐसा मेरा आज भी मानना है। न केवल मेरा, बल्कि ढेर सारी सुरक्षा एजेंसियों के अंदर सालों तक सर्विस करने वाले अफसरों को भी यह मानना है कि पोटा को रिपील करना ठीक नहीं था। इसके परिणाम क्या हुए? वर्ष 2004 से वर्ष 2008 तक देश में आतंकवाद इतना बढ़ा, इतना बढ़ा, इतना बढ़ा, कि जिस एनआईए को आज हम और ताकत देने जा रहे हैं, वह यूपीए सरकार को ही लेकर आनी पड़ी। देश के अंदर स्थिति काबू में नहीं रही। जब मुंबई के अंदर बम ब्लास्ट हुए, घंटों तक आतंकवादी अपना तांडव दिखाते रहे, तब जाकर एनआईए लाने का फैसला हुआ। अगर पोटा न हटाया जाता तो देश के अंदर वह आतंकवाद की स्थिति न होती, शायद मुंबई ब्लास्ट भी न होता।

माननीय अध्यक्ष जी, इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि जब हम कोई भी कमेंट करते हैं तो देश की जनता इस सदन के बारे में क्या सोचती है, सदन के सदस्यों के बारे में क्या सोचती है, सदन 'एज़ ए होल' का इंप्रेशन दुनिया में फैल रहा है, हम देश की जनता के मन में क्या संदेश दे रहे हैं, इन सब बातों को सोचकर बोलना चाहिए, सिर्फ कोरी पॉलिटिक्स करने के लिए नहीं बोलना चाहिए। ओवैसी साहब ने कहा मुसलमानों पर कार्रवाई होती है, हिंदुओं पर नहीं होती। ओवैसी साहब को मालूम नहीं है कि जब तमिल ऑर्गनाइज़ेशन टैररिज़्म करती थी, तब भी कसकर कार्रवाई होती थी। किसी ने किसी का धर्म का नहीं देखा है, न देखना चाहिए, मगर जब हम यहां खड़े होकर इतने गंभीर मसले पर अपनी तकरीर देते हैं, अपना भाषण देते हैं तो हमें यह भी सोचना चाहिए कि इसके दूरगामी असर होते हैं। इससे टैररिस्ट्स का मोराल भी बढ़ता है। टैररिस्ट्स को काबू में रखने के लिए एजेंसी को और ताकत देने की बात हो और सदन एकमत न हो, इससे आतंकवाद फैलाने वालों का मनोबल बढ़ता है। मेरा सभी दलों के लोगों से यह अपील है कि यह कानून देश के टैररिज़्म को टैकल करने के लिए, हमारी एजेंसियों को और ताकत देने के लिए है। कल यदि कोई हमारे दूतावास को उड़ा देगा तो एनआईए कैसे जांच करेगा?

माननीय अध्यक्ष जी, ये सारे प्रश्न खड़े हुए हैं। लंका में हमारे लोग मारे गए, बांग्लादेश में हमारे लोग मारे गए, हमारी एजेंसी के पास वहां जाकर जांच करने का कानूनी अधिकार नहीं है। हम अपनी एजेंसीज़ को वह कानूनी अधिकार देने के लिए यह बिल लेकर आए हैं। …(व्यवधान) इस पर टिप्पणी करने की जगह अगर पुराने खाके और पुराने हिसाब निकालने हैं तो आप अध्यक्ष जी से समय मांग लीजिए, और मन खोलकर चर्चा कीजिए, मैं भी चर्चा करने के लिए तैयार हूं। …(व्यवधान) जहां तक एनआईए को और ताकत देने का सवाल है, यह सदन एकमत रहे, एकजुट रहे, यह देश की जनता को संदेश देने के लिए भी ज़रूरी है, दुनिया को संदेश देने के लिए भी ज़रूरी है और सब से ज़्यादा आतंकवादियों को संदेश देने के लिए ज़रूरी है। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष जी, फारूख साहब ने जम्मू कश्मीर का एक मसला उठाया है। उनकी पार्टी के एक मेंबर, एक रिटायर्ड जज साहब थे, वो किसी के घर गए थे, वहां फायरिंग हुई है, जिसमें एक सिक्योरिटी पर्सनल को थोड़ी चोट भी लगी है। फारूख साहब, मैं आपकी इस बात की, आपके इस कन्सर्न को नोट करता हूं। तंत्र इसके पीछे पड़ा है और मुझे भरोसा है कि हम जल्द ही इसके मूल तक पहुंचेंगे और कठोर से कठोर कार्रवाई करेंगे।

माननीय अध्यक्ष : माननीय गृह राज्य मंत्री जी।

1519 बजे

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी) : आदरणीय अध्यक्ष महोदय, सभी पार्टियों ने इस चर्चा में भाग लिया है। मैं सबसे पहले सभी सांसद महानुभावों को इसके लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।

अध्यक्ष जी, हमारी सरकार आतंकवाद के खिलाफ है। देश को आतंकवाद से बचाने के लिए हम यह एक्ट लेकर आए हैं।

(1520/SPS/VR)

इसमें संसद की जिम्मेदारी बनती और सरकार की भी जिम्मेदारी बनती है। इसलिए हम यह एक्ट लाए हैं। आदरणीय सांसद श्री मनीष तिवारी जी ने सिविल लिबर्टी के बारे में, प्रजातंत्र के बारे में, डेमोक्रेसी के बारे में फ्री एण्ड फेयर प्रोसिक्यूशन के बारे में बताया। मैं आश्वसन दिलाना चाहता हूं और अभी हमारे आदरणीय होम मिनिस्टिर साहब ने आपके सामने बताया भी है। फेडरल सिस्टम की कोई प्रॉब्लम नहीं है। मैं आपके द्वारा संसद को बताना चाहता हूं कि स्टेट की जितनी भी पुलिस एजेंसीज हैं और हमारी एनआईए एजेंसी है, सब मिल-जुलकर काम करें। इसमें कोई भेदभाव नहीं है। It has been provided in our Constitution that there exists well-established interagency intelligence dissemination platform for terrorism related acts and intelligence inputs. The Multi Agency Centre (MAC) has been strengthened and reorganised and enabled to function 24x7 basis with real time coalition of sharing intelligence with intelligence agencies of State which ensures the information between State and Central agencies and Subsidiary Multi-Agency Centres (SMACs) mostly the State capitals and connected MAC.

स्टेट और सेंटर के साथ हमारी एन.आई.ए. का लगातार तालमेल है। कोई प्रॉब्लम नहीं है। हम स्टेट में कोई दखल नहीं देंगे। स्टेट पुलिस और स्टेट गवर्नमेंट द्वारा टेरेरिज्म के विषय पर मिल-जुलकर काम करेंगे। संसद में बैठकर स्टेट और सेंट्रल के भेदभाव की बात नहीं करनी चाहिए।

अध्यक्ष जी, इण्टरनेशल कार्यवाही के बारे आपको क्या अधिकार है, कैसे आप विदेश में जाकर करेंगे? संसद में कुछ लोग बोले कि पाकिस्तान में जाकर कैसे कार्यवाही करेंगे? पाकिस्तान के साथ कैसी इन्वेस्टीगेशन करनी चाहिए, हम यह पुलवामा और पठानकोट के बाद बता चुके हैं। हमारी नरेन्द्र मोदी सरकार पाकिस्तान के साथ कैसी इन्वेस्टीगेशन करती है, यह हम बता चुके हैं।

अब मैं दूसरे देशों की बात कर रहा हूं। There is a SAARC Convention (Suppression of Terrorism) Act, 1993, which provides for extra territorial jurisdiction for investigation of terrorism offences. The Act is appended to the Schedule to the NIA Act.

जो आपने एक्ट बनाया है, कांग्रेस सरकार ने जो एक्ट बनाया है, इसको भी सार्क के साथ जोड़ा है। विदेशें में जाकर कार्यवाही करने को एक्टिव नहीं थे, लेकिन अब हमें कुछ करना चाहिए। जब सरकार ने एक्ट बनाया तो उसमें जो इश्यूज़ हैं, मैं उनको बताता हूं। The Acts which are

appended to the Schedule to the NIA Act are the Atomic Energy Act, 1962, the Unlawful Activities Prevention Act, 1967, the Anti-Hijacking Act, 1982, the Suppression of Unlawful Acts Against Safety of Civil Aviation Act, 1982, the SAARC Convention (Suppression of Terrorism) Act, 1993, the Suppression of Unlawful Acts Against Safety of Maritime Navigation and Fixed Platforms on Continental Shelf Act, 2002 and the Weapons of Mass Destruction and their Delivery Systems (Prohibition of Unlawful Activities) Act, 2005. So, anything that is waging war against our country is looked through this Act. बहुत कुछ ऐसा है, जिसमें आपकी सरकार के समय में ठीक तरह से काम नहीं हुआ है। इसलिए हम एन.आई.ए. को अमेण्डमेंट के साथ ठीक तरह से लाना चाहते हैं।

अध्यक्ष जी, अभी कोर्ट के बारे में भी बात की गई है। विदेशों के बारे बोलते हैं, इसमें अन्य 2-3 एक्ट हैं, मैं उनके बारे में बताना चाहता हूं। The International Convention for the Suppression of Terrorist Bombings also provides for extra territorial jurisdiction. This is an international Act. Then, there is the Suppression of Unlawful Acts Against Safety of Maritime Navigation and Fixed Platforms on Continental Shelf Act, 2002. यह इण्टरनेशनल एक्ट है।

(1525/KDS/SAN)

इसके अंदर भी विदेशों के साथ समझौता करते हैं। समय-समय पर जिस देश में जो भी इंसिडेंट होते हैं, उस देश के साथ बात कर सकते हैं। आज जितने भी देश हैं, वे टेररिज्म को सपोर्ट नहीं करते हैं। कुछ लोग टेररिज्म के बारे में, हिन्दू-मुस्लिम के बारे में बोलते रहते हैं। आदरणीय डीएमके सांसद श्री राजा जी ने हिन्दू-मुस्लिम के बारे में बोला है। टेररिज़्म का कोई मजहब नहीं है, टेररिज़्म का कोई रिलीज़न नहीं हैं, टेररिज़्म की कोई कास्ट नहीं है, टेररिज़्म का कोई रीजन नहीं है। टेररिज़्म, टेररिज़्म है। यह ह्यूमैनिटी के खिलाफ है। यह कोई जेंडर भी नहीं है, इसीलिए टेररिज़्म के खिलाफ लड़ना सारी दुनिया की जिम्मेदारी है, सांसदों की जिम्मेदारी है, राजनीतिक पार्टियों की जिम्मेदारी है, हमारी सरकार की जिम्मेदारी है, क्योंकि यह चौकीदार की सरकार है और देश की रक्षा के लिए हमारे चौकीदार सदा आगे रहेंगे।

अध्यक्ष जी, अभी ह्यूमन ट्रैफिकिंग की बात की गई है। जो स्टेट गवर्नमेंट्स के अंदर होते हैं, उनकी स्टेट टेरिटरी में होते हैं, उसमें ये नहीं आते हैं। जो इंटर स्टेट के इशूज़ होते हैं, उसमें स्टेट गवर्नमेंट से बातचीत करके हम ह्यूमन ट्रैफिकिंग का इशू लेते हैं। इसलिए इसमें कोई प्रॉब्लम नहीं है। जो इंटर स्टेट हो, इंटरनेशनल भी हो, इस विषय पर एनआईए को इसमें अधिकार दिया गया है। एनआईए रेगुलरली, जिस भी केस के अंदर इन्वेस्टिगेशन करना चाहती है, जिस स्टेट में आतंकवाद की गतिविधि हुई है, उस स्टेट के चीफ सेक्रेट्री को चिट्ठी लिखते हैं। उस स्टेट के डीजीपी को चिट्ठी लिखते हैं। उस स्टेट के इंटेलीजेंस चीफ को चिट्ठी लिखते हैं कि आपके पास जो इसका विषय है, उसे हमें दीजिए, उसके बाद हम भी आना चाहते हैं। वैसी बातचीत करके अंडरस्टैंडिंग के साथ, उस

स्टेट में जाकर एनआईए आतंकवाद के विषय पर इन्वेस्टीगेट करती है। ऐसी एक अंडरस्टैंडिंग चल रही है, जो आप लोगों को मालूम नहीं है। आपके स्टेट्स के जितने भी डीजीपीज़ हैं, उनसे बात करिए, किसी भी डीजीपी के साथ ऐसी प्रॉब्लम नहीं है, स्टेट के साथ कोई प्रॉब्लम नहीं है। एनआईए मिलजुलकर काम करने वाली एक संस्था है।

अध्यक्ष जी, मैं केसेज़ के बारे में बोलना चाहता हूं कि 90 जजमेंट कैसे कैसे हो गए। अभी तक 272 केसेज़ में एनआईए ने एफआईआर दर्ज करके इन्वेस्टिगेशन शुरु किया है। उसमें से 51 केसेज़ में कोर्ट ने जजमेंट दिया है। 51 केसेज़ में से 46 केसेज़ में दोषी कनविक्ट हो गए हैं। मैंने इसके लिए 90 परसेंट बोला था। आदरणीय सुप्रिया सुले जी, जो जजमेंट्स हुए हैं, उनमें 90 परसेंट लोगों को कनविक्शन हुआ है, ऐसा मैं पहले बता चुका हूं। दूसरी बात, 272 केसेज़ में से लगभग 199 केसेज़ में एनआईए ने चार्जशीट दाखिल की है, क्योंकि स्टेट गवर्नमेंट्स में, स्टेट पुलिस में बहुत अलग-अलग तरह के केसेज़ रहते हैं। उसमें ठीक तरह से काम नहीं होता है,इसीलिए हम इसे और मजबूती देना चाहते हैं। कन्विक्शन रेट 90 परसेंट कैसे हुआ, ये मैं बता चुका हूं। दूसरी बात, मालेगांव केस भी उठाया गया है। स्पेशल पी.पी. रोहिणी जी ने स्टेटमेंट भी दिया है।

The SLP is pending in hon. Supreme Court. Since the matter is *sub judice*, it will not be proper to comment. Secondly, the issue of judges has been raised. I would like to clarify that the appointment of judges of NIA Special Courts will continue to be done by the Chief Justice of the High Court concerned as is being done now. जैसा हो रहा है, फ्यूचर में भी वैसा ही होगा, उसमें कोई बदलाव नहीं है। The proposed amendments are for simplification and to avoid delay as our Government wants to make sure that the terrorists are punished quickly in accordance with the legal provisions. The amendment will result in speedy investigation and prosecution that improves NIA's performance. दूसरा, स्टेट गवर्नमेंट के इशूज़ पर हायर कोर्ट्स क्या करते हैं, अनलॉफुल एक्टिविटीज़ का जो एक्ट है, उसके अंदर उस केसेज़ को प्रॉसीक्यूट करने के लिए स्टेट गवर्नमेंट को अधिकार दिया गया है। अनलॉफुल एक्टीविटीज़, जो गवर्नमेंट ऑफ इंडिया का एक्ट है, उसके अंदर जितने भी केसेज़ हो सकते हैं, उन केसेज़ पर स्पेशल कोर्ट कॉन्स्टीट्यूट करके उनको स्पीड अप करना है, वह अधिकार देने का काम स्टेट गवर्नमेंट का है। स्टेट गवर्नमेंट के जो स्पेशल कोर्ट्स हैं, उसमें सेंट्रल गवर्नमेंट का कोई लेना-देना नहीं है।

(1530/SJN/RBN)

दूसरे, यह सिर्फ अपने ही देश में नहीं है। फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन है, उनका अपना कॉन्सिट्यूशन है, उनका हमारे जैसे बहुत देशों के साथ समझौता है। वह जहां पर जा सकते हैं, तो वहां पर इंडिया भी जा सकता है। हम बातचीत करके आ सकते हैं। हम भी फ्लाइट से तुरंत उतरकर, जाकर इन्वेस्टीगेशन नहीं करते हैं। उसके पहले हमारे ऐम्बेसडर जाते हैं, बात करते हैं, क्या केस है यह देखकर, तुरंत जाते हैं। आप सब लोगों को मालूम है। आप सब बुद्धिजीवी लोग हैं। इसलिए एक

सिस्टम है, सब देशों के साथ बातचीत करके उनकी अनुमति से इन्वेस्टीगेशन करते हैं, क्योंकि इंटरनेशनल लेवल और यूनाइटेड नेशन लेवल पर टेरेरिज्म के विषय पर एक एग्रीमेन्ट हुआ है। यह एक देश की समस्या नहीं है, यह ग्लोबल इश्यू है। इसके लिए सभी देशों के साथ एग्रीमेन्ट्स है, उस एग्रीमेन्ट्स के अंतर्गत काम होगा।

मैंने जवाब दिया है, कर्नाटक के बारे में, दाबभोलकर के बारे में और अन्य के बारे में भी बात की है। उधर कांग्रेस पार्टी के लोग बैठे हैं। हम भी चाहते हैं कि देश के अंदर किसी भी व्यक्ति की आतंकवाद के कारण हत्या नहीं होनी चाहिए। मैं सबसे पहले श्री रवनीत सिंह जी को धन्यवाद देना चाहता हूं, उन्होंने अच्छी बात की है। उनके दिल को मालूम है, उनको दुख होता है। हमारी सेना काम करती है, पैरामिलिट्री, मिलिट्री, हमारी पुलिस के लोग और आम जनता की किसी आतंकवादी के कारण किसी एक आदमी का भी बलिदान हो जाए, तो उसके परिवार को कितना दुख होता है, वह रवनीत सिंह जी को मालूम है। सभी लोगों को इसको समझना चाहिए कि इसमें राजनीति नहीं है। किसी मजहब का कोई संबंध नहीं है। इसीलिए यह काम होना चाहिए। मैं आपको बताना चाहता हूं कि असादुद्दीन ओवैसी साहब ने पाकिस्तान और इजराइल की बात की है। आपने इजराइल की बात की है।…(व्यवधान) इजराइल हो या कोई दूसरी और कंट्री हो, हमारे लिए सब एक ही है।…(व्यवधान) मैं यह बताना चाहता हूं कि हिन्दू-मुस्लिम और इस आतंकवाद के विषय पर हमारा कोई नहीं है।…(व्यवधान) मैं जनरल बात कर रहा हूं।…(व्यवधान) हमारे लिए चाहे पाकिस्तान हो या फिलिस्तीन हो…(व्यवधान)

संसदीय कार्य मंत्री; कोयला मंत्री तथा खान मंत्री (श्री प्रहलाद जोशी) : वह सुनना नहीं चाहते हैं। आपको सुनने की क्षमता रखनी चाहिए।…(व्यवधान)

श्री जी. किशन रेड्डी : अध्यक्ष जी, हमारी और हमारी सरकार के लिए चाहे पाकिस्तान हो या फिलिस्तीन हो…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय मंत्री जी, आप उनका जवाब मत दीजिए।

…(व्यवधान)

श्री जी. किशन रेड्डी : अध्यक्ष जी, हमारे लिए चाहे फिलिस्तीन हो या इज़राइल हो, हम दोनों देशों से दोस्ताना करते हैं, दोनों देशों के साथ मिल-जुलकर रहते हैं। किसी से हमारा कुछ भी नहीं है।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, प्लीज बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, प्लीज बैठ जाइए। मैंने आपको मौका दिया है।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय गृह राज्य मंत्री जी के वक्तव्य के अलावा कुछ भी रिकार्ड में नहीं जाएगा।

… (*Interruptions*)… *(Not recorded)*

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, आप जवाब मत दीजिए। गृह राज्य मंत्री जी सक्षम हैं।

…(व्यवधान)

श्री जी. किशन रेड्डी : अध्यक्ष जी, हमें और हमारी सरकार को किसी को सिखाने की जरूरत नहीं है। हमारी सरकार को भारत के 130 करोड़ की जनता ने अपनी रक्षा करने की जिम्मेदारी दी है। हिन्दू हो, मुस्लिम हो, ईसाई हो, हमारे लिए सब एक ही है।...(व्यवधान) इस देश में हिन्दुओं को, हिन्दुओं के भगवानों को, राम को, 15 मिनट पुलिस को हटाओ, भारत के 130 करोड़ हिन्दुओं को...(व्यवधान) ऐसे बोलने की जरूरत नहीं है। आपको हमें सिखाने की जरूरत नहीं है। हम ऐसा कभी नहीं बोलते हैं। उनको हमें सिखाने की जरूरत नहीं है। यह संसद में बोलना कोई जरूरी नहीं है। 15 मिनट पुलिस को हटाओ, हम इस देश और हिन्दुओं को देख लेंगे।...(व्यवधान)

अध्यक्ष जी, मैंने हमारे गृह मंत्री जी को परसों बताया है। हमारी सरकार आने वाले दिनों में आतंकवाद को जड़ से उखाड़कर फेंकने की जिम्मेदारी लेगी।....(व्यवधान) इस देश के चौकीदार के नाते हम जीतकर आए हैं। देश की सेवा करने के लिए, देश की रक्षा करने के लिए, चौकीदार के साथ काम करेंगे। इसलिए, मैं सभी सांसदों से बोलता हूं कि राजनीति से ऊपर उठिए। यह राजनीति से संबंधित नहीं है, यह देश से संबंधित विषय है। यह आतंकवाद का विषय है।

(1535/GG/SM)

कुछ सदस्यों ने बोला कि एनआईए को स्ट्रेंथन करना है, उनका स्टाफ बढ़ाना है। यह सब मैं जरूर मानता हूँ। हम भी इस पर सोच रहे हैं। हम अलग-अलग इंस्टीट्यूशंस को जोड़ रहे हैं। उसके लिए हम आने वाले दिनों में एनआईए को एक शक्तिशाली, एक इनवेस्टिगेशन प्रॉसिक्यूशन एजेंसी बनाना चाहते हैं। इसलिए आप सब लोग इस बिल का समर्थन कीजिए। यह मज़हब से संबंधित नहीं है। यह राजनीति से संबंधित नहीं है। हम सब मिल कर इसको करना चाहते हैं। क्योंकि मैं पहले ही बता चुका हूँ कि इस देश में मुख्य मंत्री को भी आतंकवाद के खिलाफ बलिदान देना पड़ा है। प्रधान मंत्री को भी आतंकवाद के कारण बलिदान देना पड़ा है। माज़िब प्रधान मंत्री भी, भूतपूर्व प्रधान मंत्री को भी आतंकवाद के कारण बलिदान देना पड़ा है। अभी-अभी पुलवामा में हमारे पैरामिलिट्री के, सीआरपी के 40 जवानों को आतंकवाद के कारण बलिदान देना पड़ा। उनका परिवार गरीब होगा, वे लोग एम्प्लॉयमेंट के लिए और देश की सेवा करने के लिए आए होंगे, मगर वे सब भी इंसान हैं, उनका परिवार है, उनके बच्चे हैं, उनकी माँ है, उनके पिता हैं। आतंकवाद को किसी भी तरह से हम इस देश में आने वाले दिनों में खत्म करने के लिए मिल जुल कर प्रयास करेंगे। जय हिन्द।

(इति)

1537 hours

SHRI HASNAIN MASOODI (ANANTNAG): Hon. Speaker, Sir, it is nobody's concern that the problem should not be addressed. Our concern is that the mechanism evolved or sought to be employed must be in tune with the Constitution.

We say that the parent Act of NIA is not in conformity with the Constitution. If offends the Constitution and it offends the superior mandate of Part III of the Constitution. Now, what is the superior mandate of Article 21? It is said that had there been only Article 21, that would suffice in absence of even Part III of the Constitution."

Article 21 guarantees right to life and personal liberty. Personal liberty is multi-dimensional. Article 21 provides that nobody should be deprived of his life and his personal liberty except according to procedure established by law. …(*Interruptions*) What does Supreme Court say?…(*Interruptions*) Supreme Court says that the procedure should be just, fair and reasonable. Whenever we say 'just, fair and reasonable', it includes all the three stages – investigation, trial and sentence.

One of the dimensions of Article 21 is access to justice. Now, let us see, law in action. Sir, in case of Jammu and Kashmir, it is an unbridled power of the Central Government to have a designated court. Previously it was constituted at any place they liked irrespective of the place of registration of the cases. Now take the case of Jammu and Kashmir. We do not have any NIA court designated or appointed in Kashmir.

People from far-flung areas, from Nobra, Zanskar, Teetwal etc. have to come all the way to Jammu for a simple application. Is it not a denial of access to justice? Is the law in tune with the mandate of the Constitution? Is the law in conformity with what has been laid down by the Supreme Court?

Sir, That was the parent Act. It was so vividly and objectively put forth by Shri Manish Tiwari Ji. He touched all the dimensions. Regarding conflict of jurisdiction, in case of Jammu and Kashmir, we do not have the State List. Hon. Member referred to conflict between the Union List and the State List. In our case, there is no State List. Whatever powers we have given to the Centre, all

the power have been retained by the State. So, in case of Jammu and Kashmir, there is enough reason that the Act should not be applied. …(*Interruptions*).

Now, let us come to the proposed amendment. The first thing is in relation to the setting up of a court so that we have access to justice to the people who are suspected to be involved in any activity. People experience great inconvenience in Jammu and Kashmir because the court is not set up. Where will they go? That is the real problem.

Let us come to the second proposed amendment. There can be no disagreement that Government can go for extra territorial jurisdiction for investigation. Whether that will bear any fruit or whether that will have any kind of benefit in real terms, that is to be seen. …(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य अगर आपको कोई स्पष्टीकरण करना है तो कर दीजिए। इस पर कोई क्लैरिफिकेशन करना है तो कर कर दीजिए।

…(व्यवधान)

(1540/AK/KN)

SHRI HASNAIN MASOODI (ANANTNAG): The second issue is that you are depriving the High Court …(*Interruptions*)

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS, MINISTER OF COAL AND MINISTER OF MINES (SHRI PRALHAD JOSHI): Sir, there should only be clarificatory questions after the reply of the hon. Minister. …(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : आपको अगर कोई क्लेरिफिकेशन करनी है तो कर लीजिए।

श्री कल्याण बनर्जी। मैं पहले माननीय सदस्यों को आग्रह कर दूँ कि मैं किसी के लिए घंटी बजाऊँ या टोकूँ, आपको किसी विषय पर क्लेरिफिकेशन माँगनी है तो माँग लीजिए। पूरा भाषण नहीं, प्लीज। श्री कल्याण बनर्जी।

SHRI KALYAN BANERJEE (SREERAMPUR): Hon. Speaker, Sir, the hon. Minister of State has mentioned that it is a global problem and all countries have entered into an agreement. I want this clarification from him. Has Pakistan signed that agreement allowing the NIA to enter inside Pakistan and conduct investigation in accordance with the provisions of the NIA Act or not?

माननीय अध्यक्ष : डॉ. सत्यपाल सिंह।

डॉ. सत्यपाल सिंह (बागपत): अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय गृह राज्य मंत्री जी से पूछना चाहता हूँ कि क्या इस देश में एक भी ऐसा कानून है, जिसका आज तक दुरुपयोग नहीं हुआ? अगर किसी केस में, किसी कानून के तहत कोई निर्दोष छूटा है, क्या वह कानून की कमजोरी के कारण छूटा है, इनवेस्टिगेटिंग ऑफिसर की कमी के कारण छूटा है या कोर्ट में दूसरे प्रोसीक्यूटर के कारण छूटा है?

माननीय अध्यक्ष : श्री मनीष तिवारी, बस एक क्लेरिफिकेशन कर लीजिए। दूसरी पूछेंगे तो मैं टोक दूँगा।

श्री मनीष तिवारी (आनंदपुर साहिब): अध्यक्ष महोदय, दूसरा मिनट नहीं होगा।

माननीय अध्यक्ष : मिनट नहीं, एक क्लेरिफिकेशन। जैसे श्री कल्याण बनर्जी ने क्लेरिफिकेशन पूछी, वैसी क्लेरिफिकेशन पूछ लीजिए।

श्री मनीष तिवारी (आनंदपुर साहिब): अध्यक्ष महोदय, बिल्कुल क्लेरिफिकेशन पूछूँगा। मैं गृह मंत्री जी से एक बात पूछना चाहता हूँ। मैंने अपने वक्तव्य के दौरान भी वह बात कही थी। गृह मंत्री जी, केन्द्रीय जाँच ब्यूरो को गुवाहाटी हाई कोर्ट की एक खण्डपीठ ने अवैध ठहराया था। पता नहीं, वह फैसला आपके संज्ञान में हैं कि नहीं, पर उस फैसले को आप अपने संज्ञान में ले लीजिए। छः वर्ष हो गए, वह मामला एक संवैधानिक खण्डपीठ के पास लंबित है। क्या आप अपने अटॉर्नी जनरल से यह कहेंगे कि उच्चतम न्यायालय में जाकर कोर्ट से यह कहे कि इस मामले की सुनवाई करके इसका फैसला कर दे। यह बात तय हो जाए कि सीबीआई लीगल ऑर्गेनाइजेशन है कि इल्लीगल ऑर्गेनाइजेशन है? मेरा सिर्फ इतना आपसे स्पष्टीकरण है।

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, प्लीज। सदन में एक अच्छी चर्चा हो रही है, सब को बोलना है। श्री पी.पी. चौधरी, विद्वान अधिवक्ता हैं।

SHRI P. P. CHAUDHARY (PALI): Sir, the object of the Bill is to provide speedy investigation and prosecution. This is a very well drafted Bill and it is the need of the hour. But I would like to ask one clarification on this issue. This Act provides so many enactments under which the crime is committed and the NIA can investigate, but there are so many parallel agencies in our country including four enforcement agencies.

According to me, if we want speedy investigation to be conducted, then we should pool the evidences and manpower? I believe that there should be a Joint Investigation Council, and the evidence of different agencies can be provided to this Joint Investigation Council.

DR. SHASHI THAROOR (THIRUVANANTHAPURAM): Sir, I have to ask just one question. Under the Bill, the Minister is designating existing Sessions Courts to double up as Special Courts. The question that I have here is this. Are the designated courts continuing to deal with their other cases that they were dealing with earlier? If this is the case, then are we not just adding to the clogging of the judicial system, which already has such a backlog? Should we not have special courts for terrorists rather than designating Sessions Courts for it? It was there in the old law, and you have not changed the law. Please consider it.

माननीय अध्यक्ष : श्री अधीर रंजन चौधरी, आपका बहुत भाषण होता है, छोटी सी क्लेरिफिकेशन पूछ लीजिए।

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): अध्यक्ष जी, मंत्री जी ने अपने जवाब में कहा कि 199 चार्जशीट किए हैं आउट ऑफ 272 केसेस, 91 केस अवार्ड हो चुके हैं, 46 कन्विक्शन हुए हैं, 90 परसेंट कन्विक्शन। ठीक है, यह अच्छा है। लेकिन इसमें कितना समय लगा है, इसमें टाइम स्पेंड क्या है? अगली बार आप कोई टाइम फ्रेम बनाएँगे कि एक केस इनवेस्टिगेशन से अवार्ड तक कितना समय लगा? आप टाइम फ्रेम की सोच रहे हैं। दूसरी बात, बंगाल में आज तक कितने केसेज़ हुए हैं, जो एनआईए में शामिल हुए हैं? खागड़ागढ़ एक्सप्लोसन का नतीजा क्या है?

(1545/SPR/CS)

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): Hon. Speaker, Sir, the whole Act deals with terrorism. Terrorism has not been defined as the amendment that is being effected today relates to the United Nations Organisation which has suggested certain provisions to be made. As it relates to the collective responsibility of the Government, I would like to understand as to what steps have been taken at the United Nations level because that is India's point of view. We should always put forth our point of view in different international forums in defining terrorism. Dr. Tharoor, I know you were there as the Under Secretary in the United Nations. In West Bengal terrorism is defined in a different way; in Uttar Pradesh, terrorism is defined in another way.

SHRIMATI SUPRIYA SADANAND SULE (BARAMATI): I have a pointed question. In the reply, the hon. Minister of State in the Ministry of Home Affairs said that he had an issue with Kalburgi *ji* and Gauri Lankesh because it was a Congress Government. In my State, about Dabholkar *ji* and Pansare *ji,* आप उनको कब न्याय देंगे? यहाँ भी आपकी सरकार है और महाराष्ट्र में भी आपकी सरकार है।

माननीय अध्यक्ष : श्री असादुद्दीन ओवैसी जी, आप केवल एक क्लेरिफिकेशन कीजिएगा।

श्री असादुद्दीन ओवैसी (हैदराबाद): सर, बिल्कुल। मैं आपका प्रोटेक्शन चाह रहा हूँ।

माननीय अध्यक्ष : मेरा पूरा प्रोटेक्शन है।

श्री असादुद्दीन ओवैसी (हैदराबाद): सर, ये मुझे प्रोटेक्शन नहीं देंगे, यह मुझे मालूम है।…(व्यवधान) देखिए सर, मुझे देखते ही इन्हें कुछ हो जाता है।…(व्यवधान)

सर, मैं आपके जरिये से हुकूमत से पूछना चाह रहा हूँ कि इन टेररिस्ट केसेज में सबसे बड़ी प्रॉब्लम है कि विटनेसेज होस्टाइल होते हैं। क्या आपकी सरकार विटनेस प्रोटेक्शन प्रोग्राम शुरू करेगी? International criminal court statute साइन करेगी। आप हैदराबाद मक्का मस्जिद, अजमेर, समझौता वाले केस में अपील क्यों नहीं कर रहे हैं, आप क्यों डर रहे हैं, आप किसको बचा रहे हैं? …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय गृह मंत्री जी।

श्री अमित शाह: महोदय, हसनैन साहब से शुरू होकर एक के बाद एक माननीय सदस्यों ने कुछ प्रश्न खड़े किए हैं। इनमें से कुछ प्रश्न एनआईए संस्था के बारे में हैं, कुछ प्रश्न एक्ट के बारे में हैं और कुछ प्रश्न दायरे के बाहर भी हैं।

हसनैन साहब ने पर्सनल लिबर्टी और उनके अधिकारों के आर्टिकल 21 की दुहाई दी और कहा कि बहुत दूर जाना पड़ता है। हसनैन साहब जब डेजिग्नैटिड कोर्ट होती है, स्पेशल कोर्ट होती है, वह हर एक्ट के अंदर, स्टेट के अंदर एक ही होती है। ये रेयर टाइप के गुनाह होते हैं। टेररिज्म के गुनाह हर घर में हों, ऐसा न हम चाहते हैं और न होने देंगे। ऐसे गुनाह कम ही होते हैं, इसलिए एक राज्य में एक ही कोर्ट होती है। आपको पर्सनल लिबर्टी की इतनी चिंता है, जो लोग टेररिज्म के अंदर मारे जाते हैं, क्या आपको उनकी विधवाओं और बच्चों की चिंता नहीं है? हमें उनकी भी चिंता है। जहाँ तक सुविधा का सवाल है, असुविधा का सवाल है, यह सिर्फ कश्मीर के लिए नहीं है, हर राज्य के अंदर एक कोर्ट बना है। मानो गुजरात के अंदर अहमदाबाद में बना है, तो कच्छ से कोई पकड़ा जाएगा तो उसे अहमदाबाद आना पड़ेगा। केरल के अंदर तिरुवनन्तपुरम में बनेगा तो पूरे केरल से वे लोग वहाँ आएंगे। इसको कश्मीर के साथ अन्याय करके खड़ा मत कीजिए, कश्मीर की जनता अब इसे जान चुकी है। इस प्रकार का प्रचार अब चलने वाला नहीं है, इसलिए मेहरबानी करके इससे बाहर निकलिए।

माननीय सदस्य कल्याण बनर्जी जी ने पूछा कि पाकिस्तान इसके अंदर समाहित होगा या नहीं होगा। वैसे तो सार्क का एग्रीमेंट है, पाकिस्तान ने साइन नहीं किया है, मगर पाकिस्तान अगर इसमें समाहित नहीं होता है, तो एनआईए के अलावा भी बहुत सारे रास्ते हैं, सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक, वहाँ पर भी हम टेररिज्म पर स्ट्राइक करेंगे। आप चिंता मत कीजिए। जिन-जिन देशों में हमें परमीशन है, क्या हम उन्हें इसलिए छोड़ दें कि पाकिस्तान इसमें नहीं आता है।

श्री कल्याण बनर्जी (श्रीरामपुर): ज्यादा पाकिस्तानी करते हैं, इसलिए मैंने यह कहा।

श्री अमित शाह : मैं आपको समझाता हूँ। अब आप बहस नहीं कर सकते हैं। आप मेरा जवाब सुन लीजिए। मानो कोई पाक प्रेरित आतंकवादी ने ही अमेरिका के दूतावास पर हमला किया और हमारे लोग मारे गए, तो हमें केस चलाना है या नहीं चलाना है। क्योंकि पाकिस्तान साइन नहीं करता है, तो हम पूरी दुनिया को छोड़ दें। यह क्या बहस हुई? उसको भी दुनिया के दबाव में एक न एक दिन इस ट्रीटी को साइन करना ही पड़ेगा और उस दिन यह एक्ट वहाँ पर एप्लाई हो जाएगा।

(1550/RV/UB)

अगर वह ऐसा नहीं करेगा तो उसको टैकल करने के लिए हमारे पास और रास्ते हैं। मनीष जी ने कहा कि सी.बी.आई. अवैध है। अभी यह मामला लम्बित है। इस पर किसी का कोई फाइनल जजमेंट नहीं आया है। लेकिन, अगर यह अवैध होती तो इससे सबसे ज्यादा नुकसान काँग्रेस का ही होता क्योंकि सी.बी.आई. का जितना मिसयूज काँग्रेस ने किया है, शायद उतना किसी ने नहीं किया।

पी.पी. चौधरी साहब ने पैरेलल एजेंसी के बारे में कहा। किसी केस को जब एक बार एन.आई.ए. पिक-अप करती है तो उसके अन्दर किसी स्टेट एजेंसी का दखल नहीं रहता है। एन.आई.ए. के पास राज्यों की एजेंसियों को और इस विषय के निष्णात लोगों, इसके एक्सपर्ट्स की सहायता को हायर करने का भी इसके अन्दर प्रावधान है। इसलिए जो जांच होती है, वह फुलप्रुफ होती है।

शशि थरूर जी ने पूछा कि क्या डेज़िग्नेटेड कोर्ट दूसरे केस लेगी? यह कोई दूसरा केस नहीं लेगी। डेज़िग्नेटेड कोर्ट केवल और केवल एन.आई.ए. के केसेज लेगी। इसलिए केसेज जल्दी चलेंगे। हम यह प्रावधान इसलिए लाए हैं कि कभी-कभार जज रिटायर हो जाते हैं, कभी-कभार उनका ट्रांसफर हो जाता है, कभी-कभार प्रमोशन हो जाता है, जिससे कोर्ट काफी लम्बे अर्से तक खाली रहती है। डेज़िग्नेटेड कोर्ट करने का मतलब है कि उसका चार्ज जिसके पास जाएगा, जो हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस देंगे, वह ऑटोमैटिकली एन.आई.ए. कोर्ट का जज बन जाएगा। उसके पास से बाकी के केसेज ऑटोमैटिकली निकल जाएंगे। यह स्पष्ट है।

अधीर रंजन जी ने टाइम फ्रेम की बात की। अधीर रंजन जी की बात सही है, मगर हम कानून के राज में जीते हैं। हम किसी को पकड़ेंगे, केस रजिस्टर करेंगे, इंवेस्टीगेशन करके चालान करेंगे। उस चालान को कोई हाई कोर्ट में चैलेंज करेगा, सुप्रीम कोर्ट में चैलेंज करेगा। उसकी प्रोसीडिंग्स होगी। इसके लिए भी हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में जाएंगे। बाद में क्वैशिंग पिटीशन फाइल करेंगे। उसके ऊपर भी हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में जाएंगे। इसलिए टाइम फ्रेम सिर्फ डेज़िग्नेटेड कोर्ट के कर देने से तय नहीं किया जा सकता है। यह लीगल प्रोसीडिंग्स है और किसी के भी कानूनी अधिकार को हम किसी एक्ट से रोक नहीं सकते। इसलिए इसमें जो देरी हो रही है, इसमें हमारे संविधान की जो ख़ूबसूरती है कि हर एक को अपना बचाव करने का अधिकार मिलना चाहिए, इसके कारण हो रही है। मैं मानता हूं कि फिर भी एन.आई.ए. के केसेज के अन्दर बहुत जल्दी परिणाम आए हैं, अच्छे परिणाम आए हैं और दुनिया भर की एजेंसियों में 90 पर्सेंट का सक्सेस रेशियो एक रिकॉर्ड है।

ओवैसी साहब ने 'विटनेस प्रोटेक्शन प्रोग्राम' के बारे में कहा। यह हमारी सरकार के अमल में ही है। यह सुप्रीम कोर्ट का ऑर्डर है। सभी राज्य सरकार और केन्द्र सरकार की सभी एजेंसियां इसका पालन करती है। जहां तक आपने अपील की बात की और कहा कि वह किसने किया, वह किसने किया। माननीय अध्यक्ष जी, एजेंसी कभी अपील तय नहीं करती है। एजेंसी लॉ ऑफिसर की ओपीनियन मांगती है। एजेंसी लॉ ऑफिसर के ओपीनियन के आधार पर आगे बढ़ती है। अगर एजेंसी, लॉ ऑफिसर को प्रभावित करने लगी तो फिर आप लोग ही कहते हैं कि प्रॉस्क्यूशन एजेंसी और इंवेस्टीगेशन एजेंसी अलग होनी चाहिए। दोनों को हम एक कैसे कर दें?

ओवैसी साहब तो इससे आगे सरकार, इंवेस्टीगेशन एजेंसी, प्रॉस्क्यूशन एजेंसी, ये सब एक कर देते हैं, जैसे सरकार ही सब कर रही है। मैं ओवैसी साहब से कहना चाहूंगा कि यह भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। यह कानून से चलती है। इंवेस्टीगेशन करने वाले इंवेस्टीगेशन करते हैं, प्रॉस्क्यूशन करने वाले प्रॉस्क्यूशन करते हैं और जजमेंट देने वाले जजमेंट देते हैं।

महोदय, जहां तक उन्होंने कहा कि यह किसने किया, यह किसने किया तो मैं एक छोटा-सा उदाहरण देना चाहता हूं। कई बार इस प्रकार के ऑकवर्ड उदाहरण खड़े हो जाते हैं। समझौता ब्लास्ट हुआ। समझौता ब्लास्ट में कुछ लोगों को पकड़ा गया। इसके बारे में न केवल भारत में सी.बी.आई. ने, बल्कि अमेरिकन एजेंसियों ने कहा कि इन्होंने समझौता ब्लास्ट किया। यू.पी.ए. सरकार ने समझौता ब्लास्ट के मामले में यू-टर्न ले लिया कि इन्होंने नहीं, उन्होंने किया। जिन्हें पहले पकड़ा गया था, उन्हें छोड़ दिया गया और दूसरे लोगों को पकड़ा गया। वे छूट गए। अब क्या मैं ओवैसी साहब और यू.पी.ए. सरकार से यह पूछ सकता हूं कि जिन्होंने पहले समझौता ब्लास्ट किया था, वे कैसे छूट गए, क्यों छूट गए, किसके कारण छूट गए?

श्री असादुद्दीन ओवैसी (हैदराबाद): आप करिए। आप सरकार में हैं, आप पावर में हैं।…(व्यवधान)

श्री अमित शाह: हम करेंगे, जरूर करेंगे।…(व्यवधान)

श्री असादुद्दीन ओवैसी (हैदराबाद): आप मक्का-मस्ज़िद केस का भी करिए, अज़मेर का भी करिए।…(व्यवधान)

(1555/MY/KMR)

आपकी यह इच्छा भी हम पूरी कर देंगे, आप चिंता मत कीजिए। …(व्यवधान) आपने यह सवाल यूपीए सरकार से क्यों नहीं पूछा कि जो आरोपी हैं, उनको छोड़कर निर्दोषों को क्यों फंसाया जा रहा है।…(व्यवधान) उस वक्त आपको पूछना चाहिए था।

माननीय अध्यक्ष जी, मैं यहां से ओवैसी साहब से एक बात कहना चाहता हूं कि यदि किसी के भी खिलाफ अंगुली करते हैं, तो एक अंगुली उसके खिलाफ होती है और चार अंगुली अपने खिलाफ आ जाती है। जरा आप हमेशा ध्यान रखें।

माननीय अध्यक्ष जी, सुप्रिया सुले जी ने कहा कि महाराष्ट्र में भाजपा सरकार है, वह क्या करेगी? न तो कलबुर्गी जी का केस यहां पर है, न सुप्रिया सुले जी ने जो कहा,…(व्यवधान) इस प्रकार का कोई केस एनआईए के दायरे में नहीं है। फिर भी, हमने कहा था, …(व्यवधान) माननीय सदस्य श्री राजा जी ने इसके लिए राइट विंग टेररिज्म शब्द का प्रयोग किया। मैं सबसे पहले स्पष्ट करूं कि टेररिज्म न राइट होता है, न लेफ्ट होता है, बल्कि वह टेररिज्म होता है।…(व्यवधान) सब लोग टेररिज्म का जवाब देने के लिए तैयार हैं। हमारे माननीय एम.ओ.एस. साहब ने कहा कि वहां कांग्रेस की सरकार है। राइट विंग टेररिज्म का आरोप लगा था, इसलिए इसकी स्पष्टता कीजिए। हाँ, महाराष्ट्र में हमारी ही सरकार है, फिर से बनने वाली है, जिन-जिन लोगों ने इसे किया है, उन्हें जरूर इसकी सजा मिलेगी। आप आश्वस्त रहिए, मैं इतना ही कहना चाहता हूं।

माननीय अध्यक्ष: प्रश्न यह है:

"कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण अधिनियम, 2008 का और संशोधन करने वाले पर विचार किया जाए।"

श्री असादुद्दीन ओवैसी (हैदराबाद): अध्यक्ष महोदय, मैं डिवीजन की मांग करता हूं।

श्री अमित शाह: महोदय, मेरा निवेदन है कि इस मामले पर डिवीजन जरूर होना चाहिए। देश को मालूम पड़े कि आतंकवाद के साथ कौन हैं और खिलाफ कौन हैं।

1558 बजे

माननीय अध्यक्ष: प्रवेश कक्ष (लॉबीज़) खाली कर दिए जाएं –

अब प्रवेश-कक्ष खाली हो गए हैं।

1559 बजे (श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन पीठासीन हुए)

(1600/CP/SNT)

1601 बजे (माननीय अध्यक्ष पीठासीन हुए)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, लॉबी क्लियर हो चुकी है। सभी माननीय सदस्य अपना-अपना स्थान ग्रहण कर लें।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : महासचिव।

…(व्यवधान)

SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY (BAHARAMPUR): Sir, we are all supporting the Bill. …(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : महासचिव, एक मिनट रुकिए।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, एक बार मैंने निर्देश दे दिए हैं। माननीय सदस्य ने डिवीजन मांगा है। यह उनका अधिकार है, इसलिए मैंने व्यवस्था दे दी है।

महासचिव जी।

ANNOUNCEMENT RE: DIVISION

SECRETARY-GENERAL: Hon. Members, I have to inform the hon. Members that as the Division Numbers have not so far been allotted to Members, it is not possible to hold the Division by the Automatic Vote Recording Machine. Division will now take place under Rule 367 AA by distribution of slips.

Members will be supplied at their seats with 'Ayes' and 'Noes' printed slips for recording their votes. 'Ayes' slips are printed on one side in green, both in English and Hindi and 'Noes' in red on its reverse. On the slips, Members may kindly record votes of their choice by signing and writing legibly their names, IC Nos., and date at the place specified on the slip. Members who desire to record 'Abstention' may ask for the 'Abstention' (Yellow colour) slip. Immediately after recording their vote, each Member should pass on the slip to the Division Clerk who will come to their seat to collect the same for handing over to the officers at the Table. Members are requested to fill in only one slip for Division.

Members are also requested not to leave their seats till the slips are collected by the Division Clerks.

Thank you.

(1605/NK/GM)

माननीय अध्यक्ष: प्रश्न यह है:

> "कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण अधिनियम, 2008 का और संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए।"

<u>लोक सभा में मत-विभाजन हुआ:</u>

(1610-1615/MK/PS)

माननीय अध्यक्ष : मत-विभाजन का परिणाम यह है :

हाँ: 278

नही: 6

<u>प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।</u>

(1620/RC/YSH)

माननीय अध्यक्ष: अब सभा विधेयक पर खंडवार विचार करेगी।

खंड 2

माननीय अध्यक्ष : श्री पी.के. कुनहलिकुट्टी -- उपस्थित नहीं।

श्री एन. के. प्रेमचंद्रन, क्या आप संशोधन संख्या 2 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): I beg to move:

Page 2, line 3,-
after "citizens or"
insert "directly or indirectly". (2)

माननीय अध्यक्ष : अब मैं श्री एन. के. प्रेमचंद्रन द्वारा खंड 2 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 2 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है :

" कि खंड 2 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 2 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 3

माननीय अध्यक्ष: श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन, क्या आप संशोधन संख्या 3 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): I beg to move:

Page 2, line 5,-
for "Court of Session"
substitute "special court constituted or a Court of Session". (3)

Sir, when I am moving this Amendment, I am seeking the clarification from the hon. Minister, that is, without amending the Criminal Procedure Code, how is it possible?

माननीय अध्यक्ष : अब मैं श्री एन. के. प्रेमचंद्रन द्वारा खंड 3 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 3 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है:

" कि खंड 3 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 3 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 4

माननीय अध्यक्ष : श्री एन. के. प्रेमचंद्रन, क्या आप संशोधन संख्या 4 एवं 5 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Sir, I am not moving Amendment Nos. 4 and 5.

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है

" कि खंड 4 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 4 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 5

माननीय अध्यक्ष : श्री एन. के. प्रेमचंद्रन, क्या आप संशोधन संख्या 6 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): I beg to move:

Page 2, line 12,-
for "is of the opinion"
substitute "has sufficient material to believe". (6)

Sir, my amendment is harmless. If the Central Government is having sufficient material to believe that this is to be incorporated in the Schedule, let it be there.

माननीय अध्यक्ष : अब मैं श्री एन. के. प्रेमचंद्रन द्वारा खंड 5 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 6 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है:

" कि खंड 5 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 5 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 6

माननीय अध्यक्ष: श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन, क्या आप संशोधन संख्या 7 और 8 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): I beg to move:

Page 2, line 19,-
for 'the words "designate'
substitute 'the words "constitute or designate'. (7)

Page 2, line 24,-
after "High Court"
insert "and with the consent of the respective State Government". (8)

माननीय अध्यक्ष : अब मैं श्री एन. के. प्रेमचंद्रन द्वारा खंड 6 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 7 और 8 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखे गए तथा अस्वीकृत हुए।

